नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 354 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 26 अक्टूबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -4 पर — भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ...

अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव के खिलाफ भाजपा ने राजेश अग्रवाल ... पेज -8 पर

## जातीय जनगणना की बात करने वाले भूपेश बघेल बताए जो गणना कराई उसकी रिपोर्ट क्यों दबाईःकेदार कश्यप

*पहले जेब में रखे सबूत छुपाए फिर जातीय जनगणना की रिपोर्ट छुपाई जनता से रेस टीप न खेले कांग्रेस-केदार कश्यप*

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री कश्यप ने सवाल किया कि जातिगत जनगणना का ढोल पीटने वाले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के नेता पहले प्रदेश को यह बताएँ कि आरक्षण के लिए कराई गई जातिगत जनगणना को सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही है?

कांग्रेस के नेता प्रदेश को इस बात का जवाब भी दें कि प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना को मापदंड बनाकर सभी वर्गों को टिकट वितरण में कितनी हिस्सेदारी दी गई है? प्रदेश सरकार के पास उपलब्ध क्वांटीफायबल डाटा आखिर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक क्यों नहीं किया?

श्री कश्यप ने कहा कि क्वांटीफायबल डाटा दबाकर बैठी प्रदेश सरकार ने एक तो आरक्षण के नाम पर प्रदेश के आदिवासी, अजा, पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय करने का काम किया ही है, अब कांग्रेस के टिकट वितरण में अपने ही नेता राहुल गांधी को किनारे कर



दिया गया है। मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस के नेता जातिगत जनगणना को लेकर सलेक्टिव पॉलिटिक्स कर रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि जातिगत जनगणना का जुमला उछालकर कांग्रेस दरअसल जनता को बरगलाने का काम कर रही है। यही कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र है। कर्नाटक में भी सन 2013 में कराई गई जातिगत जनगणना को वहाँ की कांग्रेस सरकार दबाकर बैठी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर वर्ग को कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने आरक्षण के नाम पर धोखा दिया है। अजा वर्ग का आरक्षण 16 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत करने का इरादा किसका है? भूपेश बघेल सरकार ने जो विधेयक पारित कराया, उसमें अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण में कटौती कर दी। भूपेश बघेल सरकार ने आरक्षण विधेयक में जानबूझकर ऐसे पेंच फँसाए हैं कि न तो आदिवासियों को आरक्षण का लाभ मिल पाए, न पिछड़े वर्ग को इसका लाभ मिल पाए और न ही अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिल पाए। क्या यही राजनीतिक पाखण्ड कांग्रेस के टिकट वितरण में रचा गया है? क्वांटिफ़ायबल डाटा कांग्रेस की भूपेश सरकार ने न राज्यपाल को सौंपा और न ही विधानसभा के पटल पर रखा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में भारी बहुमत से जीत रही भाजपा

### चुनावी माहौल देखकर कांग्रेस ने की कर्जमाफी की घोषणा-माथुर



**रायपुर.** भाजपा ने सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. अंतिम सूची में जारी चार प्रत्याशियों के टीकट को लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा, सारी टिकट जारी हो गई है. भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर जीतेगी.

कर्जा माफी की घोषणा को लेकर माथुर ने कहा, जिस प्रकार से वह डिफरेंट में आए हैं, चुनाव का माहौल देखकर ऐसे ही घोषणा उन्होंने पिछले साल भी की थी. जनता को यह मालूम हो चुका है कि जनता के साथ धोखाधड़ी करने जा रहे हैं. जनता समझ चुकी है. जनता 7 और 17 तारीख को धोखाधड़ी का बदला चुकाने जा रही है. निश्चित रूप से कांग्रेस डरी हुई है. पिछली बार भी उन्हें लगा जमीन खिसक रही है. इसे देखते हुए इस तरह की घोषणाएं कर रहे हैं. रेवड़िया बांटने का काम है. जनता यहां की समझदार है. 5 साल उन्होंने भुगता है. इस तरह डर करके उन्होंने सारी चीज जारी की है. चुनाव को कितना चुनौती मानते हैं, इस सवाल पर ओम माथुर ने कहा, चुनौती हर चुनाव में होता है. इस बार हम भारी बहुमत से जीत रहे हैं.

### मुहूर्त में रायपुर के बीजेपी प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन

## बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत और खुशवंत साहब ने एक साथ जमा किया फॉर्म

**रायपुर।** बुधवार को रायपुर जिले के बीजेपी प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर बीजेपी के 3 प्रत्याशी एक साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। आरंग से खुशवंत साहब, रायपुर पश्चिम से राजेश मूणत और रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल ने नामांकन पत्र भरा। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की आज हमने शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन जमा किया है।





30 अक्टूबर को रायपुर में बीजेपी शक्ति प्रदर्शन करने की भी तैयारी में है। जिले की सातों विधानसभा के प्रत्याशी फिर एक साथ अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे। इसके लिए बड़ी रैली भी निकली जाएगी। इस रैली में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

### कांग्रेस शासन में मूलभूत सुविधा भी नहीं मिली

नामांकन जमा करने के बाद बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत ने मीडिया से बातचीत की इस दौरान दोनों ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। लोगों को सड़क, पानी, बिजली चाहिए। छत्तीसगढ़ में 16 लाख ग्रामीणों और 5 लाख शहरी लोगों का आवास छीनने का काम किसी ने किया है तो कांग्रेस पार्टी ने किया है।

### भाजपा में मनभेद है लेकिन मतभेद नहीं

देवजी भाई पटेल की नाराजगी को लेकर अग्रवाल ने कहा कि वे लगातार काम कर रहे हैं। बीजेपी में थोड़ा बहुत मतभेद है लेकिन मनभेद नहीं है। ये स्वाभाविक प्रक्रिया हैं, एक स्थान में टिकट के 10 दावेदार होते हैं, 9 में प्रारम्भिक नाराजगी होती है। आने वाले समय में सभी बीजेपी को ही जिताएंगे। वहीं रायपुर पश्चिम से भाजपा के प्रत्याशी राजेश मूणत ने कहा कि किसी भी शुभ कार्य करने से पहले मुहूर्त मानते हैं। इसलिए देवी देवताओं के दर्शन करने के बाद हमने अपना नामांकन जमा किया है।

### लोगो का विश्वास कांग्रेस पर कायम

सत्यनारायण शर्मा के बेटे इस बार रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। पंकज शर्मा भी बुधवार को नामांकन फॉर्म जमा करने पहुंचे। पंकज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर किसानों को विश्वास है, कांग्रेस ने जो कहा है वह किया है। उसके ठीक विपरीत भारतीय जनता पार्टी ने जो वादे किए हैं सब झूठे निकले। लोगों का जो विश्वास कांग्रेस पर कायम है यही हमें 75 पार लेकर जाएगा।

### जिले में बुधवार को 19 नामांकन पत्र दाखिल

बुधवार को रायपुर जिले की विधानसभा सीटों में 19 नामांकन पत्र दाखिल किया गया। रायपुर ग्रामीण विधानसभा में आम आदमी पार्टी के सुनील नायडू, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी के संदीप तिवारी राज, इंडियन नेशनल कांग्रेस के पंकज शर्मा ने फॉर्म जमा किया।

## चीफ जस्टिस बेहद नाराज, छुट्टी के दिन सुनवाई कर सिम्स की जांच के लिए अपॉइंट किया कोर्ट कमिश्नर

### बोले एसीएस भी रहे मौजूद



**बिलासपुर।** सिम्स हॉस्पिटल की अव्यवस्था पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की स्पेशल बेंच ने विजयादशमी के दिन फिर सुनवाई की. उन्होंने कहा कि सिम्स की स्थिति को देखकर पीड़ा होती है. बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने के लिए आते हैं. कैसी स्थिति में वे रहते हैं. जो सक्षम हैं, वे तो प्राइवेट हॉस्पिटल जाते हैं. ऐसी अव्यवस्था पर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई. उन्होंने तीन कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति की है, जो सिम्स की व्यवस्था देखेंगे. इसके अलावा एसीएस रेणु पिल्लई को मौके पर जाने कहा है. उनके अवकाश पर होने के कारण चिकित्सा शिक्षा सचिव पी. दयानंद को 26 व 27 अक्टूबर को सिम्स की जांच करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही, तकनीकी टीम के साथ सभी उपकरणों की जांच करने कहा है, जिससे यह पता चल सके कि जो मशीनें हैं, वे सही ढंग से काम कर रहे हैं या नहीं. दरअसल, मीडिया में सिम्स की अव्यवस्था की खबरों पर स्वतः संज्ञान लेकर चीफ जस्टिस ने शनिवार को छुट्टी के दिन जिम्मेदारों को तलब किया. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा उपस्थित हुए. सिम्स से पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीरज शेंडे कोर्ट पहुंचे थे.

उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखकर चीफ जस्टिस को कहना पड़ा कि वे अनफिट नजर आ रहे हैं. इसके बाद चीफ जस्टिस ने बिलासपुर कलेक्टर को सिम्स में विजिट कर 24 घंटे में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे. इन रिपोर्ट्स के साथ विजयादशमी के अवकाश के दिन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा और अतिरिक्त महाधिवक्ता चंद्रेश श्रीवास्तव पहुंचे. चीफ जस्टिस ने कलेक्टर के दौरे के समय का वीडियो देखा. साथ ही, कलेक्टर की रिपोर्ट भी देखी. वीडियो और रिपोर्ट से वे सहमत नहीं हुए. उन्होंने कहा कि जो वीडियो में दिख रहा है, वैसी रिपोर्ट नहीं मिली है. इसके लिए उन्होंने एसीएस कोर्ि सम्स का विजिट करने के निर्देश दिए।

### आचार संहिता के बाद पुलिस की कड़ी कार्रवाई

## 30 करोड़ 52 लाख की नगदी और सामान जब्त





**रायपुर ए.।** छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक की स्थिति में 30 करोड़ 52 लाख 32 हजार रुपए की अवैध धन राशि और वस्तुएं जब्त की गई हैं। इसमें 8 करोड़ 13 लाख 43 हजार रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) की ओर से निगरानी के दौरान 23 अक्टूबर तक 21 हजार 838 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। इसकी कीमत 66 लाख 43 हजार 444 रुपए है। साथ ही 2731 किलोग्राम कई प्रकार के नशीली सामान, जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ 16 लाख 66 हजार 577 रुपए है। जांच अभियान के दौरान 14 करोड़ 25 लाख 14 हजार रुपए कीमत के 158 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण और रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है। इसके अलावा कई सामग्रियां जिनकी कीमत पांच करोड़ 30 लाख 64 हजार 561 रूपए है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने के संबंध में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन ऐजेंसी के माध्यम से धन और वस्तुओं की अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रदेश में निगरानी दलों की सघन जांच की कार्रवाई लगातार जारी है।

## हिंदुत्व किसी की बपौती नहीं, 2024 में बनेगी कांग्रेस गठबंधन की सरकार -सुप्रिया श्रीनेत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही सियासी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा और केंद्र सरकार ने जमकर हमला बोला। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत बुधवार को रायपुर पहुंची। उन्होंने केंद्र व भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये धर्म के नाम पर लोगों को ठगते हैं और हम धर्म को चरितार्थ करते हैं। हिंदुत्व किसी की बपौती नहीं हैं। हमने राम वनगमन पथ बनाया, कौशल्या माता मंदिर को निर्माण किया। ईडी-आइटी और सीबीआइ भाजपा और मोदी सरकार के घटक दल हैं। ईडी ने चौगुना कार्रवाई की और 95 प्रतिशत विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई हो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत ने कहा, मैं एक भविष्यवाणी करती हूं कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस सरकार की बनेगी।

## रेणु जोगी और ऋचा जोगी की सीट तय, अमित जोगी पर फंसा पेच

रायपुर। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार कोटा से रेणु जोगी JCCJ की प्रत्याशी होंगी। वहीं अकलतरा से JCCJ प्रत्याशी ऋचा जोगी के बनाया गया है।



कसडोल से JCCJ प्रत्याशी होंगे मनहरण गुरुसाई और गुंडरदेही से RK राय JCCJ प्रत्याशी होंगे।

इनके अलावा मस्तूरी से चांदनी भारद्वाज और जैजैपुर से टेकचंद चंद्रा को जेसीसीजे का प्रत्याशी घोषित किया गया है। इनके अलावा प्रेम नगर से जगलाल सिंह देहाती, पाली तानाखार से छत्रपाल सिंह कंवर, बिलासपुर से अखिलेश पांडे, रायपुर ग्रामीण से मनोज बंजारे, गुंडरदेही से राजेंद्र कुमार राय, भिलाई नगर से जहीर खान को टिकट दिया गया है।

वहीं अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कटघोरा से अमित जोगी चुनाव लड़ सकते हैं। उनके नाम का ऐलान अभी नहीं किया गया है। बता दें कि इसके पहले जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें 16 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा था। पहले चरण में होने वाली 20 सीटों पर चुनाव के लिए जेसीसीजे ने प्रत्याशियों की घोषणा की थी। इस प्रकार जेसीसीजे ने अब तक अपन 28 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

पंडरिया से रवि चंद्रवंशी
कवर्धा से सुनील केसरवानी
खैरागढ़ से लक्की कंवर नेताम
डोंगरगढ़ से लोकनाथ भारती
राजनंदगांव से शमशुल आलम
डोंगरगांव से मुकेश साहू
खुज्जी से विनोद पुराम
मोहला-मानपुर से नागेश पुराम
कोंडागांव से शंकर नेताम
नारायणपुर से बलिराम कचलाम
बस्तर से सोनसाय कश्यप
जगदलपुर से नवनीत चांद
चित्रकोट से भरत कश्यप
दंतेवाड़ा से बेला तेलाम
बीजापुर से रामधर जुर्री
कोंटा से देवेंद्र तेलाम

### बीजेपी का आक्रामक प्रचार, 40 स्टार प्रचारकों की सभा तय

## पीएम मोदी, शाह समेत कई दिग्गज होंगे शामिल, योगी आदित्यनाथ की डिमांड सबसे ज्यादा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के लिए बीजेपी ने आक्रामक प्रचार अभियान की रणनीति तैयार की है. 40 स्टार प्रचारकों की सभाएं लगभग तय कर दी गई है. बताया जा रहा है कि करीब 60 चुनावी सभाएं होंगी।



जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से लेकर कई केंद्रीय मंत्री और बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे. पहले चरण के चुनावी मुकाबले के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया खत्म हो गई है. पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है, जाहिर है कि इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण नेताओं की चुनावी सभा आयोजित होगी.

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करीब 16 सभाएं आयोजित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. पीएमओ से मुहर लगने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि मोदी की कितनी सभाएं छत्तीसगढ़ में होगी. बताया जा रहा है कि पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा छत्तीसगढ़ में तीन दिनों का कैंप कर सकते हैं. नड्डा का रायपुर में रोड शो कराए जाने की तैयारी की जा रही है. साथ ही कुछ प्रमुख लोगों से मेल मुलाकात भी कराया जा सकता है. इसी तरह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की करीब 9 चुनावी सभाएं कराई जा सकती है.

### योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा डिमांड

*बीजेपी के स्टार प्रचारक और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा डिमांड की जा रही है. लगभग सभी विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी चाहते हैं कि योगी आदित्यनाथ उनके पक्ष में प्रचार करने आ जाएं. अब तक करीब आधा दर्जन सभाएं तय होने की खबर है, जिसमें कवर्धा की सीट भी शामिल है. इसी तरह असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की भी डिमांड उठ रही है. केंद्रीय मंत्रियों में स्मृति ईरानी, अनुराग सिंह ठाकुर जैसे चेहरों की ज्यादा से ज्यादा सभाएं आयोजित कराने की तैयारी पर चर्चा चल रही है. प्रदेश चुनाव प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नवीन रायपुर में हैं. खबर है कि 30 अक्टूबर से स्टार प्रचारकों की मैराथन सभाएं शुरू हो जाएंगी.*

# नजरिया: युद्ध, अर्थव्यवस्था और मानवता की चुनौतियों के बीच हैरान करती है सैन्य खर्च में बढ़ोतरी

पवित्र ग्रंथ बाइबिल कहती है कि अगर कोई तुम्हारे दाएं गाल पर तमाचा मारे, तो बायां गाल भी उसकी ओर कर दो।' ये शब्द कितने ही बुद्धिमानी से भरे हों, लेकिन ये मनुष्यों और राजाओं को अपनी सीमाओं के विस्तार के लिए हथियार उठाने से कभी रोक नहीं पाए। युद्धों में पैसा ही नहीं, लोगों की जिंदगियां भी खर्च हो जाती हैं। आधुनिक युद्धों की शब्दावली जिन लड़ाकू विमानों और मिसाइलों से भरी है, जरा उनके संचालन की लागत पर गौर करें।

बहुचर्चित एफ-35 की बात करें, तो अमेरिकी सरकार 2,500 विमानों पर 17 खरब डॉलर खर्च करने की योजना बना रही है यानी कि प्रति विमान पर साढ़े सात करोड़ डॉलर का खर्च आएगा। जब यह उड़ रहा होगा, तब हर घंटे करीब 42 हजार डॉलर धुआं हो रहे होंगे। ज्यादा कुशल माने जाने वाले एफ-15 विमान की हर उड़ान में प्रति घंटे करीब 29 हजार डॉलर का खर्च आता है। आयरन डोम इस्राइल की सुरक्षा प्रणाली में कवच की तरह है। ऐसा अनुमान है कि पूरे इस्राइल में करीब दस आयरन डोम बैटरी हैं। हर बैटरी में 60 से 80 मिसाइलें हैं और हर मिसाइल की कीमत तकरीबन 40 हजार डॉलर है।

बीते रविवार को अमेरिकी सरकार ने अरबों डॉलर की अत्याधुनिक थाड प्रणाली भेजने की घोषणा की। बोईंग ने इस्राइल को 1800 जीपीएस आधारित बम किटों की शीघ्र डिलीवरी की घोषणा की, जिनमें से प्रत्येक किट की कीमत करीब 24 हजार डॉलर है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्वी भूमध्य सागर में 13 अरब डॉलर के विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती की घोषणा की। यह ग्रुप 75 लड़ाकू जेट, रडार और मिसाइल लॉन्चर से सुसज्जित है। एक टॉमहॉक मिसाइल की कीमत 15 लाख डॉलर और एक पैट्रियट मिसाइल की कीमत करीब 40 लाख डॉलर है। युद्ध के हथियार वगैरह बनाने वाली कंपनियों के लिए युद्ध मुनाफे का समय होता है। यह शेयरों की कीमतों में आने वाले उतार-चढ़ाव से भी स्पष्ट होता है। सात अक्तूबर के हमलों के बाद इससे जुड़ी कंपनियों के शेयरों में उछाल देखा गया। इस क्षेत्र की शीर्ष दस कंपनियों का वर्तमान



*दुनिया भर में शांति को बढ़ावा और संघर्ष की वजहों को कम करने के लिए सैन्य खर्च को बढ़ाया जाना वाकई विचित्र है, खासकर जब दुनिया की 9.3 फीसदी आबादी बेहद गरीबी में रोज 2.15 डॉलर से भी कम पर गुजारा कर रही हो।*

बाजार पूंजीकरण 653 अरब डॉलर है। बिजनेस रिसर्च कंपनी द्वारा जारी 2023 की वैश्विक रक्षा बाजार रिपोर्ट कहती है कि 2027 तक रक्षा बाजार का आकार बढ़कर 718 अरब डॉलर का होने की उम्मीद है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि युद्धों की इस भारी-भरकम लागत का पैसा कहां से आता है? यह दरअसल, बहुत कुछ भू-राजनीति और घरेलू राजनीति पर निर्भर करता है। अब यूक्रेन के युद्ध को ही लें। 24 फरवरी, 2022 से अमेरिकी सरकार ने 40.4 अरब डॉलर से ज्यादा की सुरक्षा सहायता की प्रतिबद्धता जताई है, जो माल्टा और यमन जैसे देशों की संयुक्त जीडीपी के लगभग बराबर है। इस हफ्ते भी व्हाइट हाउस ने इस्राइल और यूक्रेन का समर्थन करने के लिए कांग्रेस से अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने का आह्वान किया है। पर सवाल उठता है कि आतंकवादी समूहों को धन कैसे मिल पाता है? अमेरिका और उसके सहयोगियों का मानना है कि ईरान हमास, हिजबुल्ला और हौथिस जैसे आतंकी गुटों को धन व तकनीकी मुहैया कराता है। लेकिन सवाल फिर भी बना हुआ है कि इतने प्रतिबंधों के बावजूद धन इन गुटों के पास पहुंचता कैसे है? अमेरिकी सांसद एलिजाबे वॉरेन और सौ से ज्यादा दूसरे सांसदों ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान को एक पत्र लिखकर इस नई उभरती व्यवस्था की झलक दी। उनका दावा है कि अगस्त, 2021 से जून, 2023 के बीच हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) ने क्रिप्टो में 13 करोड़ डॉलर से ज्यादा राशि जुटाने में कामयाबी हासिल की और पीआईजे ने 1.2 लाख डॉलर क्रिप्टो में हिजबुल्ला को दिए। घटनाएं बढ़ीं, तो पैसों का यह आवंटन भी बढ़ा।

माना जाता है कि शीत युद्ध की समाप्ति से शांति की स्थापना हुई। लेकिन पिछले तीन दशकों में सैन्य खर्च काफी बढ़ा है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के मुताबिक, विश्व सैन्य खर्च 1992 के करीब 1.2 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 2022 में 2.24 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। जब राष्ट्रों को जीडीपी के क्रम में रखा जाता है, तो युद्ध अर्थव्यवस्था दो लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा के साथ दुनिया में आठवें स्थान पर फ्रांस के नीचे आती है।

सैन्य खर्च करने वालों की सूची में 877 अरब डॉलर के साथ अमेरिका शीर्ष पर है, उसके बाद 292 अरब डॉलर के साथ चीन और 86 अरब डॉलर के साथ रूस आते हैं। दुनिया भर में शांति को बढ़ावा और संघर्ष की वजहों को कम करने के लिए सैन्य खर्च बढ़ाया जाना वाकई दिलचस्प है। विश्व बैंक के एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया की 9.3 फीसदी आबादी यानी करीब 70 करोड़ लोग बेहद गरीबी में हैं, जो रोज 2.15 डॉलर से भी कम कमा पाते हैं। मिसाल के लिए, गाजा में रहने वाले हर दस में सात लोग वैश्विक मदद पर निर्भर हैं। मध्य पूर्व का युद्ध कितना लंबा खिचेगा, यह तो नहीं कह सकते।

**शंकर अय्यर**

## संपादकीय

### हमास से जीतेगी भाजपा!

हां, इजराइल और दुनिया में भले नेतन्याहू का ग्राफ गिर रहा हो लेकिन भारत में हमास बनाम इजराइल की लड़ाई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्राफ उछलता हुआ है। सोचे, टीवी चैनलों पर कैसा लगातार, चौबीसों घंटे हमास बनाम इजराइल की लड़ाई का प्रसारण है। लड़ाई वहा हो रही है और भारत के टीवी चैनल हिंदू बनाम मुस्लिम लड़ाई के पानीपत मैदान बने हुए है। कभी शरद पवार, सुप्रिया सुले, कांग्रेस, औवेसी के हवाले इंडिया एलायंस को तुष्टीकरण का झंडाबरदार बताना तो कभी इजराइल से लाइव प्रसारण से आंतकवादी बर्बरता के हवाले हिंदू दिल-दिमाग, भावनाओं में सुरक्षा की चिंताओं को जगाना।

जाहिर है 2024 के आम चुनाव से पहले के मौजूदा 2023 के विधानसभा चुनाव में हमास और उसकी आंतकी बर्बरता को घर-घर पहुंचाने का महाअभियान चला है। इसलिए क्योंकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ में लोगों का फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर बनवाना है।

भाजपा का चुनाव मोटामोटी या तो नरेंद्र मोदी के चेहरे पर है या लाभार्थियों के घरों में यह मैसेज देने का है कि आपको फंला-फंला लाभ हुआ तो फर्ज है कि मोदीजी को वोट दे। मगर लाभार्थी का पहलू छतीसगढ़ व राजस्थान में ज्यादा नहीं चल सकता क्योंकि भूपेश बघेल और अशोक गहलोत ने लोगों को इतना बांटा है कि उनके आगे मोदी सरकार का बाटना फीका है। कांग्रेस ने चुनाव को ले कर जो वचनपत्र बनाया है वह भी आगे पूरा खजाना खोलना जैसा है। क्या गजब आईडिया जो भूपेश बघेल सरकार गांव वालों, किसानों से दो रू. किलों गौबर खरीद रही है। इसलिए रेवडियों और लाभार्थियों से पहले की तरह वोट मिलने का मामला खटाई में पडा लगता है। मध्यप्रदेश में लाडली बहन योजना के हवाले शिवराजसिंह चौहान का नाम है मगर लड़ाई क्योंकि मोदीजी के चेहरे पर है, लोकसभा चुनाव की बेकग्राउंड में है तो भाजपा को हिंदुओं की भावनाओं को ऊबालना है। भावनाओं को देश की सुरक्षा, आंतकवाद, विश्व गुरू, विश्व मित्र जैसे जुमलों की धुरी पर दौडाना है। और इसलिए विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के साथ आंतकी हमास के पुराण पर मुस्लिम बनाम हिंदू के सियासी मैदान की टेस्टीग है।

## अर्थव्यवस्था: बढ़ रहे हैं नए तरह के रोजगार, गिग और डिजिटल इकनॉमी से खुल सकती हैं और राहें

इन दिनों देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में अर्थव्यवस्था के बढ़ने, डिजिटल विकास तथा गिग अर्थव्यवस्था के कारण ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी दर कम हो रही है और रोजगार के नए मौके बढ़ रहे हैं। गिग इकनॉमी एक ऐसा श्रम बाजार है, जिसकी खासियत अल्पकालीन और स्वतंत्र कार्य व्यवस्था है।

हाल ही में रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष ग्रामीण और शहरी, दोनों स्तरों पर बेरोजगारी दर में कमी आई है। घरेलू मांग में लगातार मजबूती की बदौलत पिछले 10 महीनों से रोजगार का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 50 से ऊपर चल रहा है, जिसका मतलब है कि रोजगार में सकारात्मक बढ़ोतरी हो रही है।

संकेतकों के मुताबिक, आगामी महीनों में रोजगार में बढ़ोतरी जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन हुनर और डिजिटल कौशल पर आधारित नए दौर के रोजगार के मौके तेजी से बढ़ रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले छह वर्षों में बेरोजगारी दर छह फीसदी से घटकर 3.2 फीसदी पर आ गई है। निश्चित रूप से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर घटाने में मनरेगा की अहम भूमिका है, वहीं शहरी क्षेत्र में इसके लिए कौशल विकास और डिजिटल स्किल्स की अहम भूमिका रही है। देश में शहरी बेरोजगारी दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 6.6 फीसदी दर्ज की गई, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में यह 12.6 फीसदी दर्ज की गई थी।

कोरोना काल के बाद शहरी क्षेत्रों में गिग इकनॉमी में रोजगार तेजी से बढ़ा है, कौशल और डिजिटल विकास की योजनाओं से युवाओं के लिए रोजगार के मौके भी बढ़े हैं। व्यापक तौर पर डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। निश्चित रूप से देश में शहरी रोजगार के मद्देनजर गिग कर्मियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। कुछ भर्ती एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक, जहां पिछले वर्ष सितंबर से दिसंबर के त्योहारी सीजन में करीब चार लाख गिग नौकरियां सृजित की गई थीं, इस साल वैसी नौकरियों की संख्या सात लाख तक पहुंचने की उम्मीद है।

गिग इकनॉमी में रोजगार के मौके बढ़ने के बारे में नीति आयोग के आंकड़े भी गौरतलब हैं, जिसके मुताबिक, देश में करीब 44 करोड़ लोगों का श्रम बल है, जिसमें 77 लाख गिग कर्मी हैं, जिनकी संख्या 2030 तक बढ़कर 2.3 करोड़ के करीब होने की उम्मीद है। वहीं मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा वैश्विक रोजगार रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025 तक ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते करीब साढ़े छह करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं, वहीं इसके चलते करीब साढ़े चार करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त हो सकती हैं। ऐसे में, डिजिटलीकरण से करीब दो करोड़ से अधिक नई नौकरियां निर्मित होंगी। निश्चित रूप से डिजिटल हुनर से लैस भारत की नई पीढ़ी के लिए अच्छे रोजगार के मौके देश के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों में तकनीक व नवाचार के इस्तेमाल के कारण बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में, गिग इकनॉमी और डिजिटल इकनॉमी में देश के युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए कुछ विशेष कौशल की ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। नई पीढ़ी को अच्छी अंग्रेजी, कंप्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिंग का हुनर, संचार कौशल, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना चाहिए।



गिग इकनॉमी और डिजिटल इकनॉमी में देश के युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए कुछ विशेष कौशलों की ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिए सार्वजनिक डिजिटल संरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर निर्मित किए जाने चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के जरिये देश के युवाओं को तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल व प्रशिक्षण से लैस करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## मिला जुला

### एक नजर

#### महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री ने किया राजनीति छोड़ने का ऐलान



**मुंबई** । महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और कांग्रेस के कद्दावर नेता सुशील कुमार शिंदे ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का एलान किया है। सुशील शिंदे ने एक कार्यक्रम में अपने राजनीतिक रिटायरमेंट का एलान करते हुए कहा कि 2024 का चुनाव मेरी बेटी लड़ेगी और जहां मेरी ज़रूरत होगी, वहां मैं वहां मौजूद रहूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे सोलापुर सीट से तीन बार सांसद रह चुके हैं। इतना ही नहीं, शिंदे महाराष्ट्र के पूर्व सीएम के साथ-साथ 2012 में केंद्रीय गृहमंत्री और मनमोहन सिंह की सरकार में ऊर्जा मंत्री भी रह चुके हैं। बता दें कि इससे पहले केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बड़े बेटे और पूर्व सांसद नीलेश राणे ने भी ट्वीट कर सक्रिय राजनीति से संन्यास का एलान किया था।

विजयादशमी के मौके पर एक कार्यक्रम में सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि अब मेरी बेटी प्रणीति शिंदे सोलापुर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। सोलापुर में धम्म चक्र कार्यक्रम में शिंदे ने ये बातें कहीं।

## NCERT की किताबों में इंडिया को भारत करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की किताबों में जल्द ही इंडिया की जगह भारत लिखा नजर आ सकता है। दरअसल, NCERT अपने पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव कर रहा है। इसके लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने ही देश का नाम इंडिया के बजाय भारत लिखने का सुझाव दिया है। साथ ही सिलेबस से प्राचीन इतिहास को हटाकर क्लासिकल हिस्ट्री को शामिल करने की सिफारिश भी की गई है। HT की रिपोर्ट्स के मुताबिक, समिति के अध्यक्ष सीआई आईजैक ने 25 अक्टूबर को बताया कि भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में है, जो 7 हजार साल पुराने हैं।



इंडिया नाम आमतौर पर ईस्ट इंडिया कंपनी और 1757 प्लासी के युद्ध के बाद इस्तेमाल होना शुरू हुआ। ऐसे में देश के लिए भारत नाम का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

उन्होंने NCERT के सिलेबस में शास्त्रीय इतिहास को शामिल करने की सिफारिश के पीछे की वजह बताई। आईजैक ने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक में बांट दिया है। प्राचीन इतिहास बताता है कि देश अंधेरे में था, उसमें वैज्ञानिक जागरूकता नहीं थी। हमने सुझाव दिया है कि बच्चों को मध्यकाल और आधुनिक इतिहास के साथ क्लासिकल हिस्ट्री भी पढ़ाई जानी चाहिए।

राजस्थान में कांग्रेस के 2 चुनावी वादे

## महिलाओं को 10 हजार हर साल मिलेंगे, 1.05 करोड़ फैमिली को 500 में सिलेंडर मिलेगा

**जयपुर/झुंझुनू।** दोबारा सरकार आई तो राजस्थान में हर परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसे दो या तीन किस्तों में दिया जाएगा।

500 रुपए में सिलेंडर 1 करोड़ 5 लाख परिवारों को दिया जाएगा। अभी 500 रुपए में सिलेंडर 76 लाख परिवारों को मिल रहा है।



प्रियंका गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके पास कोई विजन नहीं है। रोजगार पैदा नहीं कर रहे। पब्लिक सेक्टर कंपनी से रोजगार बनते थे, उन्हें इस सरकार ने अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को बेच दिया। यदि सभी उद्योगपतियों को देते तो दिक्कत नहीं होती, इससे रोजगार बढ़ते, लेकिन इस सरकार ने चुनिंदा लोगों को दिए। खेती-किसानी भी अपने मित्रों को सौंपने वाले थे।

### एक मंच पर हो सभी पक्षों की डिबेट

चुनाव आते हैं तो नेता आते हैं और भाषण देकर जाते हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि सारे नेता एक ही भाषण देते हैं। हम उनको दोष देते हैं, वो हमको दोष देते हैं। इससे अच्छा है कि एक ही मंच पर डिबेट रख ली जाए।

### महिला आरक्षण सबसे पहले कांग्रेस ने दिया

मोदी सरकार की बातें खोखली हैं। वे महिला आरक्षण की बात करते हैं। सबसे पहले पंचायतों में महिला आरक्षण कांग्रेस ने दिया। ये कानून लाए, लेकिन आरक्षण कब मिलेगा, इसका कुछ पता नहीं है।

### 16 हजार करोड़ के दो हवाई जहाज अपने लिए खरीद लिए

कांग्रेस ने पुरानी पेंशन स्कीम का वादा किया, लेकिन भाजपा इस पर राजी नहीं है। इन्होंने 16 हजार करोड़ रुपए के दो हवाई जहाज अपने लिए खरीद लिए। संसद की नई बिल्डिंग बना दी, जिसकी जरूरत नहीं थी, लेकिन कर्मचारियों को देने के लिए इनके पास पैसा नहीं है।

### महंगाई इतनी बढ़ा दी कि राहत कैंप लगाने पड़ रहे

केंद्र सरकार ने रोजगार नहीं दिए। कमाई बढ़ नहीं रही, ऊपर से महंगाई इतनी बढ़ा दी कि राज्य सरकारों को महंगाई राहत कैंप लगाने पड़ रहे हैं। कोई बीमार पड़ जाए तो इलाज कराने में घबराहट होने लगती है।

राजस्थान में तो सरकार ने 25 लाख रुपए का बीमा करके फ्री इलाज दे दिया।

## न्यूजक्लिक केस, प्रबीर की कस्टडी 2 नवंबर तक बढ़ी

पटियाला हाउस कोर्ट का फैसला; विदेशी फंडिंग के जरिए चीनी प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 3 अक्टूबर को न्यूजक्लिक के एडिटर-इन-चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और HR प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था।

विदेशी फंडिंग केस में न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक के एडिटर-इन-चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और HR प्रमुख अमित चक्रवर्ती की कस्टडी और 9 दिनों के लिए बढ़ गई है। दोनों को 2 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

आज न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद दोनों को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। जहां दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इनकी कस्टोडियल रिमांड की मांग की।

चीन से जुड़ी कंपनियों और संगठनों से फंडिंग लेकर चाइनीज प्रोपेगैंडा फैलाने के आरोप में प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को 3 अक्टूबर को अरेस्ट किया गया था। दोनों सात दिनों तक पुलिस हिरासत में रहे।



फिर दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 अक्टूबर को इन्हें 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने 20 अक्टूबर को दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि पांच दिनों के लिए बढ़ा दी थी।

### CBI सहित 5 एजेंसियां कर रहीं मामले की जांच

*न्यूजक्लिक के खिलाफ CBI सहित पांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। सबसे पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने FIR दर्ज की थी। उससे पहले दिल्ली पुलिस इकोनॉमिक ऑफेंस विंग, प्रवर्तन निदेशालय और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट इस केस से जुड़े अलग-अलग मामलों में जांच कर रही थी। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने न्यूजक्लिक के खिलाफ फॉरेन कॉन्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।*

# असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में रावण,कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले का किया दहन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिला मुख्यालय में विजयादशमी के पर्व पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन कर असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। वहीं भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के साथ मुख्य समारोह में श्रीराम रावण का मंचन तथा बाल्मिकी संवाद का सजीव चित्रण व मंचन सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के द्वारा किया गया।





इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े तथा वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष गोयल सहित सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, सचिव रामकृष्ण ओझा ने बड़ी तादाद में जुटे जिलेवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। समारोह में सर्व समाज प्रमुख व नगर की सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष व प्रमुख भी मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन प्रवेश गोयल ने किया। इसके पूर्व सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन व स्वागत उद्बोधन तथा सचिव रामकृष्ण ओझा ने समिति का प्रतिवेदन व वृत्त प्रस्तुत किया। सनातन काल की परंपरा के अनुरूप दशहरा उत्सव में राम दरबार व रावण सेना व आधारित विशाल व भव्य झांकी निकाली गई। झांकी नगर के विभिन्न मार्गों



से होते हुए कार्यक्रम स्थल स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रवेश गोयल, श्रवण जैन, पुनित गुप्ता, आनंद सोनी, शैलेष गोयल, सुरेन्द्र राजवाड़े, शिवम ओझा, हर्ष गोयल सहित समिति के सदस्य सक्रिय थे। वहीं आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य व आचार्यगणें सहित स्कूली छात्र-छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित विशाल जन समूह का मन मोह लिया। आयोजन में सर्व समाज प्रमुख सहित नगर पालिका के समस्त पार्षद, एल्डरमैन व बड़ी संख्या में सर्व समाज के प्रमुखों में अमृतलाल गर्ग, गैबीनाथ साहू, जोखन साहू, तोयात्मा राजवाड़े, रामस्वरूप गुप्ता, अनिरूद्ध प्रसाद बैगा, बिहारी कुलदीप, विरेन्द्र गुर्जर, संतोष पावले, वासुदेव हालदार, विजय सोनी सहित बड़ी तादाद में सभी समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिनका सूरजपुर सेवा समिति ने दुपट्टे से स्वागत व अभिनंदन किया।

### 60 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन

दशहरा महोत्सव में भारी उत्साह के बीच 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतले का दहन किया गया। मंचासीन अतिथियों के हाथों रिमोट के माध्यम से पुतलों का दहन किया गया और आकर्षक आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रही।

### 20 हजार की उपस्थिति से आयोजक हुए गदगद

दशहरा उत्सव में इस वर्ष भारी भीड़ के कारण आयोजन समिति गदगद रही। लगभग 20 हजार से उपर की भीड़ ने राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ जमकर आतिशबाजी का लुफ्त उठाया और रावण दहन की परंपरा के साथ बुराईयों का परित्याग करने और समद्धशाली क्षेत्र के निर्माण के संकल्प के साथ दशहरे की बधाई दी।

### श्रीराम का तिलक पूजन कर की आरती

मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का मंचासीन अतिथियों ने तिलक व पूजन कर आरती उतार कर शौर्य के पर्व पर श्रीराम परिवार की परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना की। समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल की अगुवाई में अतिथियों ने भगवान श्रीराम की पूजा.अर्चना में शामिल होकर उनकी आरती उतारी।

एक नजर

## दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर मान्यता प्राप्त दलों को निःशुल्क प्रसारण के लिए मिलेगा समय

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय दलों और संबद्ध राज्य के मान्यता प्राप्त राज्यीय राजनीतिक दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर निःशुल्क प्रसारण के लिए समय उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर निःशुल्क प्रसारण के माध्यम से मतदाताओं को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों, घोषणा पत्रों और प्रमुख मुद्दों के संबंध में अपने विचारों के बारे में जानकारी देने का अवसर प्राप्त होता है। निर्वाचकों के लिए भी विभिन्न दलों के नीति संबंधी मुद्दों को समझने के लिए यह सूचना का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु सभी राष्ट्रीय दलों और छत्तीसगढ़ में मान्यता प्राप्त राज्यीय दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर प्रचार के लिए प्रारंभिक रूप से 45 मिनट की एक समान अवधि उपलब्ध कराए जाने के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं। साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा पिछले विधानसभा निर्वाचनों या लोकसभा के पिछले साधारण निर्वाचनों एजेंसी भी स्थिति हो,में दलों के मतदान निष्पादन के आधार पर अतिरिक्त समय आबंटन का निर्णय आयोग द्वारा लिया जाता है । प्रसारण के लिए एक बार में 15 मिनट से अधिक का समय नहीं दिया जाएगा। राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारण के लिए निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों की सूची के प्रकाशन के दिन से लेकर प्रत्येक चरण के मतदान दिवस के दो दिन पहले तक दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक दलों को प्रसारण के लिए दूरदर्शन पर कुल 629 मिनट तथा उसी प्रकार रेडियो पर प्रसारण हेतु कुल 629 मिनट निर्धारित किया गया है। इसमें सभी दलों के लिए अनुपातिक रूप से समय दिया गया है। उक्त दिशा निर्देशों के परिपालन में प्रसारण हेतु दिन एवं समय का निर्धारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में दूरदर्शन एवं प्रसार भारती के अधिकारियों द्वारा लॉट निकालकर दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को किया गया। प्रदेश में राजनीतिक दलों को प्रसारण की यह सुविधा दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय प्रसारण केन्द्रों तथा राजधानी रायपुर स्थित प्रसारण केन्द्र से दी जाएगी। इसे छत्तीसगढ़ में स्थित दूरदर्शन और आकाशवाणी के अन्य रिले केन्द्र भी प्रसारित करेंगे। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम.1951 के संशोधित प्रावधानों के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को केन्द्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण माध्यमों ;दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर प्रचार के लिए समुचित समय उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ में भी आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त प्रादेशिक दलों को सार्वजनिक ;शासकीयद्ध क्षेत्र के प्रसारणकर्ता प्रसार भारती निगम द्वारा प्रचार के लिए निःशुल्क समय उपलब्ध कराया जाएगा। राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। प्रसारण के लिए रिकॉर्डिंग एवं उसकी ट्रांसक्रिप्ट अनुलिपि पहले ही जमा कराना होगा। आयोग ने प्रसारण की विषयवस्तु के लिए कड़े दिशा.निर्देश दिए हैं। प्रसारण में दूसरे देशों की आलोचनाए धर्मों एवं समुदायों पर आक्षेपणए कोई अश्लील व अपमानजनक चीज, हिंसा भड़काना, न्यायालय की अवमानना, राष्ट्रपति एवं न्यायालय की सत्यनिष्ठा के प्रति निंदा, राष्ट्र की एकता, संप्रभुता एवं अखण्डता को प्रभावित करने वाली कोई चीज, किसी व्यक्ति का नाम लेकर कोई आलोचना करने की अनुमति नहीं होगी।

## विजया दशमी पर पुलिस लाइन कोरबा में किया मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजा

**कोरबा** । विजयादशमी पर पुलिस विभाग ने परंपरा के अनुसार पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया। इसके लिए पुलिस लाइन में पहले से ही पूरी तैयारी कर ली गई थी। पुलिस लाइन में विभिन्न प्रकार के शस्त्रों को भी रखा गया था। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्धारित समय पर पहुंचने के साथ ही विधि विधान से शस्त्र पूजन किया गया। हवन व आरती के पश्चात वहां उपस्थित पुलिस अधिकारियों व जवानों के अलावा अन्य गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा पुलिस लाइन में ही हवाई फायरिंग की गई। शस्त्र पूजन के संबंध में कई किवदंती प्रचारित है। जानकारों की मानें तो भगवान रामचंद्र द्वारा लंका के राजा रावण का वध दशहरा के दिन किया गया था। इस जीत के बाद भगवान राम द्वारा असत्य पर सत्य को जीत दिलाने वाले शस्त्रों की पूजा की गई थी। इसी तरह वर्षों पहले से ही शस्त्रों की पूजन करने की परंपरा चली आ रही है। बताया जा रहा है कि शस्त्रों के पूजा के पीछे आमजन की सुरक्षा व शांति स्थापित करने की कामना होती है। भारत में भी वर्षो से यह परंपरा रही है कि अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग निर्बल व असहाय लोगों की सुरक्षा के साथ ही समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने की जाए।

## मेडिकल कॉलेज में न्यूरो ऑपरेशन की सुविधा प्रारंभ, 03 मरीजों का किया गया सफल ऑपरेशन

न्यूरोसर्जन की पदस्थापना से जिले में जटिल न्यूरो सर्जरी भी हुई आसान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मस्तिष्क मानव शरीर का सबसे उन्नत और महत्वपूर्ण अंग है। यह तंत्रिकाओं के माध्यम से शरीर के बाकी हिस्से के साथ संचार का प्राथमिक साधन के रूप में कार्य करता है। इस हेतु मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले किसी भी क्षति या समस्या से शरीर के समग्र काम.काज पर अत्यंत प्रभाव पड़ता है। मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले किसी भी समस्या को न्यूरो उपचार के माध्यम से ठीक किया जाता है। न्यूरो उपचार सीधे तौर पर मस्तिष्क से संबंधित, जिसके संकेतों को समझकर शरीर के अन्य अंग कार्य करते हैं। दुर्घटनाओं में घायल लोगों के उपचार में न्यूरो सर्जरी व उपचार की अहम भूमिका होती है। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत् जिला प्रशासन के सहयोग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केसरी के प्रयासों से जिले के मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन डॉ. नीरज प्रसाद, एम,बीबी.एस, एमएस एमसीएच ब्यूरो सर्जरीद्ध की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा अभी तक दुर्घटना में घायल 03 मरीजों का सफलतम् इलाज कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया है। जिसके अंतर्गत 17 वर्षीय ज्ञान प्रकाश, 35 वर्षीय बलराम एवं चैतराम शामिल हैं। चैतराम के मस्तिष्क में गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण बेहोशी की अवस्था में थे तथा लकवाग्रस्त हो रहे थे। न्यूरो सर्जन द्वारा उनका सफल ऑपरेशन कर उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ किया गया है। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग में प्रतिदिन 30 से 40 मरीजों का ओपीडी, में उपचार किया जाता है तथा वार्ड में भी 10 से 15 मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हितग्राही मेडिकल कॉलेज के ओपीडी क्रमांक 03 में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के नागरिक जो कि तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों की परेशानियों से जूझ रहे है, साथ ही दुर्घटनाओं में घायल मरीज जिनको उपचार के लिए दूसरे जिले या राज्य के चिकित्सालयों पर निर्भर रहना पड़ता है, उन्हें अब मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन की पदस्थापना होने से लाभ मिलेगा। न्यूरो सर्जन की नियुक्ति होने से जिले के मरीजों तथा दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार प्राप्त होगा जिससे मरीज जल्द ही स्वस्थ होंगे।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियत्रंण अधिनियम के संबंध में जारी किया आदेश

चुनाव प्रचार में सामान्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मध्यम आवाज में हो

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी राजनैतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति, अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं।

इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न केवल स्थायी मंच से होता है, वरन् विभिन्न वाहनों जैसे जीप, कार, ट्रक, ऑटो, तिपहिया, स्कूटर, मोटर सायकल, सायकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी गलियों, सड़कों एवं उप गलियों पर चलते हैं, तथा गांवो, बस्तियों, मोहल्लों एवं कालोनियों से बहुत ऊंची आवाज में लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए पाए जाते हैं। लाउडस्पीकरों का ऊंची आवाज में प्रयोग करने से विद्यार्थी वर्ग अशांत हो जाते हैं, क्योंकि उनका अध्ययन बाधित होता है। लाउडस्पीकरों पर अबाध रूप से किये जाने वाले शोरगुल से वृद्ध, दुर्बल बीमार व्यक्ति को चाहे वह किसी चिकित्सालय संस्थान में हो या घर में हो बहुत परेशानी होती है। इन कोलाहाल से होने वाले परेशानियों के निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ फरिहा आलम

**_ऊंची आवाज जो शारीरिक मानसिक बाधा उत्पन्न करेंगे वो प्रतिबंधित_**

सिद्दीकी ने आदेश जारी किया है, जिसमें कहा है कि निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नहीं जा सकता हैं क्योंकि ध्वनि विस्तारक यंत्र, निर्वाचन प्रचार एवं जनसमूह के बीच अपने विचार व्यक्त करने के साधनों में से एक साधन है, लेकिन उसके साथ-साथ विषम समय में, विषम स्थान पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अविवेकपूर्ण ऊंचे स्वरों पर, अवैधानिक उपयोग, जिससे जनमानस की शांति एंव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो की अनुमति दिया जाना उचित नहीं हैं। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियत्रंण अधिनियम 1985 ए की धारा 04 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना, अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध है। आदेश के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेंगे। लोक परिशांति को दृष्टिगत रखते हुए लंबे चोंगे वाले लाउडस्पीकरों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाउडस्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है, परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगरपालिका परिषद, जनपद पंचायत एवं किसी अन्य स्थानीय निकाय कार्यालय, बैंक, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तिथि तक संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा तथा तत्काल प्रभावशील होगा।

*चुनावी सभाओं एवं चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिए जिला मुख्यालय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़ एवं अन्य अनुविभाग मुख्यालयों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालय में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा उप तहसील मुख्यालय मे अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।*

# दशहरे त्योहार रतनपुर में धूमधाम से मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

दशहरा या विजयदशमी हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। ये दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हैए कहा जाता है किए रावण दहन के साथ व्यक्ति बुराइयों का अंत करके अच्छाइयों की ओर बढ़ने की कोशिश करता है। हिंदू धर्म में दशहरे के त्योहार का खास महत्व होता है। शारदीय नवरात्रि के समापन के बाद दशमी तिथि को दशहरा या विजयादशमी का त्योहार मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का अंत किया था। और मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। इस दिन को अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक मानते हैं। उसी तारतम्य आज रतनपुर में सालों





से चली आ रहा है आ रही परंपरा को नगर पालिका द्वारा शनिचरी बाजार में भव्य रावण बनाया गया था। हर साल की तरह इस साल भी नगर के प्रमुख जन, बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ, राम लक्ष्मण हनुमान की शोभायात्रा के साथ,शनिचरी बाजार मैदान में जाकर रावण का दहन किया गया,और हाई स्कूल चौक में भी भारी आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। जिसमें महिला पुरुष बच्चे भारी संख्या में शामिल हुए।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के तीनों प्रत्यासी ने एक साथ नामांकन फार्म जमा किया

जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए 5 अभ्यार्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र और 4 अभ्यार्थियों ने जमा किया नामांकन पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के संदर्भ में जिले के सक्ती, चन्द्रपुर और जैजैपुर तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 25 अक्टूबर को नामांकन की कार्यवाही के दिन 05 अभ्यार्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे और 4 अभ्यार्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया। जिसमें जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चन्द्रा, सक्ती विधानसभा डॉ खिलावन साहू, जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से संयोगिता सिंह जुदेव ने नामांकन फार्म जमा किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम व निर्वाचन शाखा प्रभारी लक्ष्मीकांत कोरी द्वारा बताया



गया कि आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के लिए 2, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 . चन्द्रपुर के लिए 1 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर के लिए 2 अभ्यार्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए है। इसी प्रकार आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के लिए 1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चन्द्रपुर के लिए 2 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर के लिए 1 अभ्यार्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। उल्लेखनीय है कि नाम निर्देशन प्रारंभ होने की तिथि 21 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम निर्देशन की संवीक्षा तिथि 31 अक्टूबर,अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर और मतगणना की तिथि 3 दिसंबर निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अवकाश दिवस को छोड़कर प्राप्त व जमा किए जा सकते है। नाम निर्देशन पत्र के लिए निच्छेप राशि सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 10 हजार रूपये और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5 हजार रूपये निर्धारित है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन.2023

# निर्वाचन ड्यूटी के दौरान आपातकालीन चिकित्सा की दी गई जानकारी

## निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा






जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विधानसभा निर्वाचन.2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के माध्यम से निर्वाचन कार्य में संलग्न जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को आपातकाल में हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी और सर्पदंश से बचाव के तरीके बताए गए। चिकित्सा सलाहकार पवन राठौर और डॉ.दीप्ति श्रीवास ने हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देने की जानकारी डेमो के माध्यम से दी। जिला पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, मास्टर ट्रेनर आदि को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की गई चिकित्सकीय व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी के लक्षण क्या.क्या हैं और किन परिस्थितियों में आकस्मिक बचाव के लिए प्रारंभिक तौर पर क्या.क्या उपाय किए जा सकते हैं। इसी तरह सर्पदंश की स्थिति में मौके पर सर्प की फोटो खींचने और सर्पदंश के उपर वाले स्थान पर पट्टी बांधने के संबंध में बताया गया। सर्पदंश के दौरान उक्त स्थान से जहर न चूसने कहा गया। सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी ने निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अपनी दवाईयां साथ रखें,प्रतिदिन ध्यान, योगा करें

चिकित्सकों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव से दूर रह कर योगा, ध्यान, व्यायाम करने कहा गया है। सभी को सलाह दी गई है कि वे खाली पेट न रहें। खासकर शुगर वाले मरीज नियमित रूप से कुछ खाद्य सामग्री का सेवन करते रहें। वे जो बीपी, शुगर, थॉयरायड आदि के मरीज हैं तो अपनी दवाईयां साथ रखें। किसी भी आपात स्थिति में उच्च अधिकारियों को सूचना देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचित करें और स्वास्थ्य केंद्र में उपचार सुनिश्चित कराएं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध ना होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित बालाजी अस्पताल मोवा,नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर तथा एनएचएमएमआई अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम के अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ.खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी मो. नंबर 98278.72102, 0771.4026201, के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

# बेलतरा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विजय केसरवानी ने शुरू की धुआंधार प्रचार अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**रतनपुर विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे सभी पार्टियां अपने प्रत्याशी घोषित कर रहे हैं वही कांग्रेस पार्टी से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी विजय केसरवानी का टिकट फाइनल होते ही क्षेत्र में प्रचार के लिए सक्रिय दिखाई दिए।**



जिसका शुभारंभ गिरजाबंद नवागांव पहुंचकर उन्होंने विजयदशमी के बाद ग्राम पंचायत नवागांव से अपने प्रचार अभियान की शुरुआत की उन्होंने अपने मतदाताओं से निवेदन करते हुए कहा कि नवागांव पंचायत से हमेशा बीजेपी लीड करती रही है इस बार कांग्रेस को यहां से विजय दिलाना है जिसके लिए मैं आप लोगों के बीच निवेदन करने के लिए आया हूं वही गांव वालों ने थी अपने लोकप्रिय नेता को भरपुर आशीर्वाद देते हुए कांग्रेस की सरकार के साथ कांग्रेस का विधायक बनाने के लिए हामी भारी है वही मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए विजय केसरवानी ने कहा कि भूपेश सरकार की 5 साल के कार्यकाल में जो विकास किए हैं




उसी के आधार पर हम चुनाव मैदान में लोगों के बीच जा रहे हैं और लोगों का भी रिस्पांस हमारी सरकार के प्रति मिल रही है भाजपा से प्रतिद्वंद्वी के रूप में सुशांत शुक्ला का नाम आने के बाद विजय केसरवानी का कहना है कि सामने जो भी प्रतिद्वंद्वी हो हम पंजे के निशान पर और भूपेश के कार्य पर भरोसा करते हुए जनता के बीच जा रहे हैं और भूपेश है तो भरोसा है कहते हुए अपने प्रचार अभियान में आगे बढ़ गए वही उनके काफिले में भारी संख्या में कांग्रेसी के साथ-साथ गांव की महिला पुरुष और युवा शामिल रहे।

# भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष साव

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सक्ती जिले के तीन विधानसभा के प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल हुए। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जमकर आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के भ्रष्टाचार का सरकार को बदलने का हम सबको संकल्प लेना है।**



अरुण साहनी संबोधित करते हुए कहा कि भूपेश बघेल केवल छत्तीसगढ़ियावाद का दिखावा करते हैं। आज तक कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को कुछ नहीं दिया है। जबकि केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब भी छत्तीसगढ़ को कुछ नहीं मिला जबकि छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने का फैसला भारतीय जनता पार्टी की अटल बिहारी की सरकार ने लिया था। कांग्रेस से केवल गरीबी अशिक्षा नक्सलवाद यही सब छत्तीसगढ़ को मिला। लेकिन छत्तीसगढ़ के ऊपर छत्तीसगढ़ महतारी की खूब कृपा है। यह सरकार तानाशाही की सरकार है। 2003 से पहले किसानों के धान को पानी से भिगो कर लिया जाता था। यह भूपेश सरकार किसान हितैषी बनने का दिखावा कर रही है। छत्तीसगढ़ वासियों और किसानों की चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। तरक्की का हर कार्य बीजेपी की सरकार ने किया है। इसी प्रकार नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की घमंडी भूपेश सरकार को सभी संकल्पित होकर इस बार उखाड़ फेंकेंगे। जो हर प्रकार के भर्तियों में घोटाला करें छत्तीसगढ़ वालों को ऐसी सरकार नहीं चाहिए। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को चारों ओर से भ्रष्टाचार के आगोश में ला दिया है। आज छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ के रूप में जाना जाने लगा है। छत्तीसगढ़ को लूट और खसोट का छत्तीसगढ़ बना दिया है। ऐसी सरकार को बदलने का समय आ चुका है।

### भाजपा के तीनों प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन

जिले की तीन विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सक्ती से डॉक्टर खिलावन साहू, चंद्रपुर से संयोगिता सिंह जूदेव, जैजैपुर से कृष्णकांत चंद्रा ने नामांकन दाखिल किया है।

# मतदान केन्द्रों में आपकी भूमिका होगी महत्वपूर्ण, ध्यान से करेंगे कार्य-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए आज नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया एवं मतदान केन्द्रों में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान केंद्रों की सभी गतिविधियों को आब्जर्व करने में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर ऑब्जर्वर को समय में भेजना सुनिश्चित करेंगे। मतदान दिवस में सभी समय पर पहुंच मॉक पोल, सीआरसी वास्तविक मतदान एवं ईवीएम सीलिंग जैसे विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होगी, जिनको आब्जर्व करते हुए रिपोर्ट तैयार करना होगा। जिसके लिए प्रशिक्षण रखा गया हैं, ध्यान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने डाउट क्लियर करें। इसके साथ ही प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझे।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर एवं जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने आयोजित प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को क्रमश: मतदान केन्द्र में उनके कार्यों, बरती जाने वाली सावधानियों के साथ ही प्रशिक्षण में ईव्हीएम और वीवीपेट मशीन की बारीकियों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि लोकत्रंत में हर व्यक्ति का वोट महत्वपूर्ण होता हैं। जिसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों को फार्म 12 एवं फॉर्म 12 (क) भरवाया गया। प्रशिक्षण में बैंक, जीवन बीमा, डाकघर, एनटीपीसी, एसईसीएल, केन्द्रीय विद्यालय जैसे विभिन्न केन्द्रीय विभागों के लगभग 450 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त सुतीक्षण यादव, तहसीलदार नेहा उपाध्याय, अनिल गुप्ता, डॉ.नरेन्द्र पर्वत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आपातकालीन चिकित्सा संबंधी कार्यशाला का हुआ आयोजन

आयोजित प्रशिक्षण में निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी कार्यशाला भी रखी गई थी। आपातकालीन चिकित्सा स्टेट कार्डिनेटर पवन कुमार राठौर, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिहं ठाकुर एवं डॉ.दीप्ति ने हार्ट अटैक, मिर्गी, स्ट्रोक, स्नेक बाइट के लक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान अपने स्तर पर सभी प्रकार की दवाइयां रखना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सीपीआर देने संबंधी जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देशन में आपातकालीन चिकित्सा हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर के हॉस्पिटल का चयन किया गया हैं, जहां नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाएगा।



# 11 अभ्यर्थियों ने लिए आज नामांकन पत्र, चारों विधानसभा में आज नामांकन जमा नहीं किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत आज 25 अक्टूबर को जिले की चार विधानसभाओं के लिए कुल 11 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 3 अभ्यर्थियों श्रवण कुमार भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी), सुरेन्द्र कुमार सिदार-(इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी) एवं महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय)ने नामांकन फार्म लिया।**



इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 6 अभ्यर्थियों मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), कांति साहू (आजाद जनता पार्टी), बृजमोहन अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), राजीव रत्न गुप्ता (निर्दलीय), लल्लू सिंह (निर्दलीय) एवं अरुण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) ने नामांकन फार्म खरीदा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थियों महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं सत्यवती राठिया (बहुजन समाज पार्टी) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से आज किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं लिया गया।

आज 25 अक्टूबर को रायगढ़ के चारों विधानसभा में किसी के द्वारा नामांकन जमा नहीं किया गया है। इस प्रकार 21 अक्टूबर से अब तक कुल 35 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं और 1 नामांकन जमा किया गया है।

# पूर्व मेयर मधुबाई ने रायगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से खरीदा नामांकन फार्म

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



किन्नर समुदाय की डंकीन ठंप उस वक्त प्रदेश ही नहीं देश की पटल पर उभर कर चर्चा में सामने आई जब रायगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 33 हजार से अधिक मत प्राप्त कर विजई बनी थी और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी के महावीर गुरुजी 4537 मतों से करारी शिकस्त दी थी। के नतीजे ने सभी को चौंका दिया था। चुनाव परिणाम ऐसा कि मानो मतदाताओं ने जनादेश देकर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के गाल पर करारा थप्पड़ जड़ दिया था। रायगढ़ जिले में अभी आगामी विधानसभा चुनाव में मधु भाई ने जे से अपना नामांकन फार्म खरीदा है। कांग्रेस और बीजेपी से ठगे हुए मतदाताओं ने तीसरे विकल्प के रूप में पूर्व में महापौर चुनाव के दौरान राष्ट्रीय पार्टियों आइना चुके हैं। वर्तमान में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी में बगावत भी स्पष्ट दिख रहे हैं। दोनों ही पार्टी में टिकट वितरण से नाराज उम्मीदवार अब विभीषण बन चुके हैं। कांग्रेसी नेता शंकर लाल अग्रवाल पार्टी छोड़ निर्दलीय



मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं वही बीजेपी के उम्मीदवार ओपी चौधरी के विरोध में भाजपा की ही नेत्री गोपिका गुप्ता ने भी पार्टी के आला कमान को 30 अक्तूबर तक प्रत्याशी बदलने का अल्टीमेटम दिया है तथा बीजेपी प्रत्याशी ओपी चौधरी को न बदलने की स्थिति में निर्दलीय मैदान पर उतरने ऐलान किया है।

### दो के बीच में तीसरे को फायदा

यह कहावत भी आपने सुनी ही होगी। लगता है इस बार रायगढ़ विधानसभा चुनाव में भी कुछ ऐसे ही होने के कयास लगाए जा रहे। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दलों में बगावत मुखर होने लगी है। टिकट की मांग कर रहे नाराज कांग्रेसी नेता अपनी ही पार्टी के खिलाफ नजर आ रहे हैं वही बीजेपी में पुसौर क्षेत्र की चर्चित बीजेपी नेत्री गोपिका गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी को बदलने पर अड़ी हुई हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टी के ही नाराज नेता अपनी अपनी की राहों में गड्ढे खोद रहे हैं। हालांकि डैमेज कंट्रोल करने के लिए दोनों ही पार्टी के जिला पदाधिकारी और आला कमान अपने-अपने कार्यकर्ताओं को मनाने में जुटे हैं लेकिन अभी तक उन्हें मनाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। कुल मिलाकर यहां राजनीतिक गर्मी पूरे उन्माद पर है। ऐसे में पूर्व महापौर मधुबाई का जोगी कांग्रेस से चुनाव मैदान में उतरना बेहद दिलचस्प नजर आ रहा है। प्रदेश में सबसे हॉट हो चुके रायगढ़ सीट और दिनों दिन दिलचस्प होता चुनावी समीकरण आगे क्या रंग बदलेगा। किसे जनादेश मिलेगा और किसके सर पर सजेगा जीत का सेहरा यह तो भविष्य के गर्भ में है।

## शाहरुख खान की डंकी का प्रभास की सालार ने नहीं होगा क्लैश, नई रिलीज डेट आई सामने




पठान और जवान में धमाल मचाने के बाद अब शाहरुख खान अपनी मचअवेटेड फिल्म डंकी को लेकर खूब चर्चा में बने हुए हैं. पिछले लंबे समय से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर बज बना हुआ है. वहीं अब फिल्म के रिलीज डेट की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो चुकी है. इस बात की जानकारी मशहूर क्रिटिक सुमित काडेल ने सोशल मीडिया पर दी है. उन्होंने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए यह घोषणा की है. फिल्म इसी साल 21 दिसंबर को सिनमेमाघरों में रिलीज होगी. इसी के साथ फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें शाहरुख खान एक सोल्जर के किरदार में नजर आ रहे है।



## दर्शकों से जुड़ने की क्षमता रखती हैं मराठी फिल्में : नेहा पेंडसे

दुसारी गोश्त, प्रेमसथी कमिंग सुन और नटसम्राट जैसी मराठी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री नेहा पेंडसे ने क्षेत्रीय सिनेमा के अद्वितीय आकर्षण पर बात की। साथ ही यह भी बताया कि यह हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योगों से कैसे अलग है।

नेहा के पास एक विविध पोर्टफोलियो है जो मराठी, हिंदी और क्षेत्रीय फिल्मों तक फैला हुआ है।

उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि मराठी फिल्मों में सही दर्शकों से जुड़ने की अंतर्निहित क्षमता होती है।

उन?होंने कहा, हालांकि यह सच है कि अधिकांश हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों को अक्सर अपनी पहुंच बढ़ाने और व्यापक जनसांख्यिकीय के लिए अपील करने के लिए डब किया जाता है, मेरी राय में मराठी सिनेमा अभी भी उस बिंदु तक विकसित हो रहा है जहां इसकी सामग्री को आसानी से बदला जा सके, और कई भाषाओं में रिलीज किया जा सके। उन्होंने साझा किया, यह सब उस असाधारण फिल्म के बारे में है जो भाषा की बाधाओं को पार करती है और सहजता से दर्शकों तक अपनी जगह बना लेती है। पेंडसे ने उन मराठी फिल्मों का उदाहरण दिया जो भाषाई बाधाओं को पार कर राष्ट्रीय सिनेमाई परिदृश्य का हिस्सा बन गई हैं। उन्होंने कहा कि सैराट और महाराष्ट्र शहर जैसी शानदार फिल्में हैं जो पूरे देश के दर्शकों तक पहुंचने में कामयाब रही। लोगों ने ये फिल्में देखीं और उन्हें पसंद किया, चाहे वे मराठी समझते हों या नहीं। यही मराठी फिल्मों का जादू है।

## लहंगा-चोली पहन मोनालिसा ने दिखाईं दिलकश अदाएं, हॉट फोटोज देख क्रैजी हुए फैंस

भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन मोनालिसा ने हालिया फोटोशूट के दौरान की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं। मोनालिसा ने खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी हॉटनेस और बोल्ड फिगर के कारण चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर होते ही फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट तस्वीरों में ब्लू और रेड कलर के प्रिंट में लहंगा-चोली पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार लग रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस का लुक फैंस के बीच काफी ट्रेंड करता है। हालांकि उनकी हर एक अदाओं पर फैंस मर मिटते हैं। मोनालिसा ने अपनी इन तस्वीरों में किलर एक्सप्रेशंस देते हुए काफी खूबसूरत तस्वीरें क्लिक करवाई हैं। गले में नेकलेस, खुले बाल, कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है।



## ओटीटी प्लेटफोर्म पर आ रही कंगना रनौत की चंद्रमुखी 2, नेटफ्लिक्स पर 26 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म




बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म तेजस को लेकर खबरों में बनी हुई हैं. इस फिल्म को रिलीज होने में अभी कुछ दिन बाकी हैं. लेकिन इस बीच आप उनकी एक फिल्म घर बैठे देख सकते हैं. कंगना की हॉरर मूवी चंद्रमुखी 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने जा रही हैं. चंद्रमुखी में साउथ सुपरस्टार राघव लॉरेंस लीड रोल में थे. फिल्म में कंगना ने भी अहम भूमिका निभाई थी. इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था, जिसको देखते हुए अब इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा रहा है. ऐसे में आइए जानते हैं कि कंगना की ये हॉरर फिल्म कब, कहां और कैसे देख सकते हैं?

बता दें कि, कंगना रनौत और राघल लॉरेंज की ये हॉरर फिल्म चंद्रमुखी 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है. इस बात की जानकारी नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर दी है. इस पोस्ट में फिल्म की रिलीज डेट भी रिवील की गई है, जिसके मुताबिक चंद्रमुखी 2 26 अक्टूबर को स्ट्रीम की जाएगी. चंद्रमुखी 2 के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो, फिल्म उम्मीद के मुताबिक कलेक्शन नहीं कर पाई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने महज 40 करोड़ का बिजनेस किया था. इस फिल्म का पहला पार्ट साल 2005 में आया था, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत नजर आए थे.

## लियो के तूफान के बीच शानदार कमाई कर रही भगवंत केसरी, तीसरे दिन फिल्म ने बटोरे इतने नोट



साउथ स्टार नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म भगवंत केसरी गुरुवार, 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इसी दिन तलपती विजय की लियो ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी. अब एक ही दिन रिलीज हुई दोनों फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है. लियो ने तो बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए हैं. वहीं, भगवंत केसरी को भी दर्शकों की तरफ से काफी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है. फिल्म का प्रमोशन भले ही कम हुआ हो लेकिन फिल्म को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं. चलिए जानते हैं फिल्म ने शनिवार को कितने नोट छापे हैं? रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन 7.75 करोड़ कमा डाले हैं. पहले दिन फिल्म ने 16.6 करोड़ और दूसरे दिन 7 करोड़ कमाए थे. जिसके बाद घरेलू बाजार में फिल्म का कुल कलेक्शन लगभग 32 करोड़ रुपये हो गया है.

## तीसरे दिन भी कायम लियो का जलवा! कई मूवीज को पछाड़ आगे निकली विजय थलापति की फिल्म



विजय थलापति स्टारर फिल्म लियो बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ मार रही है. फिल्म शानदार परफॉर्म कर रही है और अच्छी कमाई कर रही है. लियो 19 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और दो दिनों में ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. अब तीसरे दिन भी दूसरी कई फिल्मों को पछाड़ने में कामयाब रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो लियो ने पहले दिन 64.8 कमाए थे. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 35.25 करोड़ का कारोबार किया था, जिसके बाद विजय थलापति की फिल्म 100 करोड़ के क्लब का हिस्सा बन गई थी. अब फिल्म के तीसरे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है और रिपोर्ट के मुताबिक लियो ने तीसरे दिन 40 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ अब फिल्म का टोटल कलेक्शन 140.05 करोड़ रुपए हो गया है. लियो ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा लिया है. फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को मात दे दी है. लियो की रिलीज के अगले दिन ही टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म गणपत और दिव्या खोसला कुमार की यारियां 2 रिलीज हुई लेकिन विजय थलापति की फिल्म के आगे दोनों ही कहीं गुम होती दिखाई दीं. गणपत ने जहां दूसरे दिन 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं यारियां 2 भी 0.55 करोड़ तक ही सिमटकर रह गई. विजय थलापति की फिल्म लियो की बात करें तो यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है जिसका डायरेक्शन लोकेश कनगराज ने किया है. इस फिल्म का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था. लियो में विजय के साथ संजय दत्त और तृषा कृष्णन भी अहम किरदार निभाते दिखाई दिए हैं.

# खेल

## डीकॉक-क्लासन ने साउथ अफ्रीका को 380 पार पहुंचाया:बल्लेबाजों की नाकामी से हारा बांग्लादेश

### महमूदुल्लाह ने हार का अंतर कम किया; मैच एनालिसिस




मुंबई। मुंबई के वानखेड़े मैदान पर साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 382 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेशी टीम 46.4 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने 140 बॉल पर 174 रन की पारी खेली। डी कॉक पारी की शुरुआत करने उतरे और 46वें ओवर में पवेलियनलौटे। उन्होंने रीजा हेंड्रिक्स के साथ 33, कप्तान ऐडन मार्करम के साथ 131 और हेनरिक क्लासन के साथ 142 रन की पार्टनरशिप की।

उनकी इस पारी और साझदारियों ने टीम को 300 पार पहुंचा दिया। वे 46वें ओवर में हसन महमूद की बॉल पर कैच आउट हुए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 36 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान ऐडन मार्करम ने डी कॉक के साथ तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की पार्टनरशिप की। उन्होंने 69 बॉल पर 60 रन बनाए।

नंबर-4 पर खेलने उतरे हेनरिक क्लासन ने विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 49 बॉल पर 2 चौके और 8 छक्कों से सजी 90 रनों की आतिशी पारी खेली। इस पारी में मिडिल ओवर में टीम का रन रेट बढ़ाया। जिसकी बदौलत टीम 380+ का स्कोर खड़ा करने



क्विंटन डी कॉक
174 रन

में नाकाम रही।

डी कॉक के आउट होने के बाद मिलर ने टीम का स्कोर 382 रन तक पहुंचाया। मिलर ने तेजी से रन बनाए। उन्होंने 34 रन की विस्फोटक पारी खेली। मिलर की 15 बॉल की पारी में 4 छक्के और एक चौका शामिल रहा।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेराल्ड कूट्जी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बांग्लादेश के मिडिल ऑर्डर के तीन विकेट निकाले, जिससे पावरप्ले का दबाव मिडिल ओवर तक बना रहा। कूट्जी 10 ओवर में 62 रन देकर 3 विकेट झटके। टीम के अन्य तेज गेंदबाजों ने भी 2-2 विकेट लिए।

### पावरप्ले में धीमे रहे बांग्लादेशी ओपनर्स

*382 रन का बड़ा टारगेट चेज करने उतरे बांग्लादेशी ओपनर्स ने धीमी शुरुआत की। इतना ही नहीं, टीम ने टॉप ऑर्डर के विकेट भी जल्दी गंवा दिए। पावरप्ले में तंजिद हसन तमीम 12, नजमुल हसन शांतो 0 और कप्तान शाकिब अल हसन एक रन बनाकर आउट हुए। टीम ने शुरुआती 10 ओवर में 3 विकेट पर 35 रन बनाए।*

## एक नजर

### एशियन पैरा गेम्स के दूसरे दिन भारत को 4 गोल्ड

वाटर स्पोर्ट्स और एथलेटिक्स में स्वर्ण आए, कुल मेडल संख्या 35 पहुंची



**हांग्झोउ।** हांगझोउ में पैरा एशियन गेम्स खेले जा रहे हैं। गेम्स के दूसरे दिन भारत ने कुल 18 मेडल जीते। इनमें 4 गोल्ड शामिल रहे। पहले दिन भारत ने 6 गोल्ड समेत 17 मेडल जीते थे। मेडल टैली में 9 गोल्ड, 12 सिल्वर, और 13 ब्रॉन्ज के साथ भारत कुल 35 मेडल जीत कर 5वें स्थान पर पहुंच गया है। दूसरे दिन भारत को 4 स्वर्ण पदक कैनोइंग और एथलेटिक्स में मिले। प्राची ने कैनो KL-2 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। यह प्राची का दूसरा मेडल रहा, उन्होंने पहले दिन कैनो VL-2 में सिल्वर जीता था। दीप्ति जीवनजी ने विमेंस T-20 400 मीटर, शरथ शंकरप्पा मकनहल्ली ने मेंस T-13 5000 मीटर और नीरज यादव ने मेंस F-54/55/56 डिस्कस थ्रो में गोल्ड जीता।

### प्राची ने 54.962 सेकेंड में पूरी की रेस

28 वर्षीय प्राची कमर के नीचे से पैरालाइज्ड हैं। प्राची ने KL-2 इवेंट में 500 मीटर की दूरी तय करने के लिए महज 54.962 सेकेंड का समय लिया।

## एशियन पैरा गेम्स के तीसरे दिन भारत को 3 मेडल

### सुमित ने जेवलिन थ्रो में वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड; भारत के 39 मेडल



हांगझोउ में पैरा एशियन गेम्स खेले जा रहे हैं। गेम्स के तीसरे दिन भारत के एथलीटों ने 6 मेडल जीते। जिसमें एथलेटिक्स में 2 गोल्ड सहित 3 मेडल शामिल है। वहीं टेबल टेनिस में ब्रॉन्ज मेडल मिला। भारत ने तीसरे दिन गोल्ड के साथ शुरुआत की। जेवलिन थ्रो में F64 कैटेगिरी में सुमित अंतिल ने 73.29 मीटर थ्रो कर वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीत लिया है। जबकि पुष्पेंद्र कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। भारत के 42 मेडल हो चुके हैं।

जिसमें 10 गोल्ड शामिल है। एथलेटिक्स- 4 मेडल पैरा एशियन गेम्स के तीसरे दिन भारत को एथलेटिक्स में चार मेडल मिले। जिनमें एक गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। जेवलिन थ्रो में स्न64 कैटेगिरी में सुमित अंतिल ने गोल्ड और पुष्पेंद्र कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जबकि पुरुषों के ञ्च35 कैटेगिरी के 200 मीटर दौड़ में 29.83 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। मेंस के टी-37 कैटेगिरी के 200 मीटर में श्रेयांश त्रिवेदी 25.26 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### टेबल टेनिस- 1 ब्रॉन्ज मेडल

महिलाओं के टेबल टेनिस के एस 6 कैटेगिरी में भाविना पटेल को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से संतुष्ट होना पड़ा।

### भारत मेडल टैली में पांचवें स्थान पर

भारत ने 10 गोल्ड के साथ 42 मेडल जीत लिए हैं। मेडल टैली में भारत 5वें स्थान पर है। चीन 185 मेडल के साथ टॉप पर है। जबकि ईरान दूसरे और उज्बेकिस्तान तीसरे स्थान पर है।

## वर्ल्ड कप में डी कॉक का तीसरा शतक

### बतौर विकेटकीपर सबसे बड़ा स्कोर, साउथ अफ्रीका ने 8वीं बार 350+ बनाए; रिकॉर्ड और मोमेंट्स

**मुंबई।** साउथ अफ्रीका ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में चौथी जीत दर्ज की। टीम ने मुंबई के वानखेड़े मैदान पर बांग्लादेश को 149 रन के अंतर से हराया। साउथ अफ्रीका से क्विंटन डी कॉक ने 174 रन की पारी खेली, वह वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने वनडे में तीसरी बार 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया, वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बने।




बांग्लादेश से महमूदुल्लाह रियाद ने सेंचुरी लगाई, जो वर्ल्ड कप में उनकी तीसरी सेंचुरी रही। वह वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बांग्लादेशी बने। मैच के ऐसे ही टॉप रिकॉर्ड्स और कुछ मोमेंट्स इस स्टोरी में हम जानेंगे...

साउथ अफ्रीका से क्विंटन डी कॉक ने 140 गेंद पर 174 रन बनाए। इस टूर्नामेंट में यह उनका 5 मैचों में तीसरा शतक रहा। वह बतौर विकेटकीपर वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2007 में श्रीलंका के खिलाफ 149 रन बनाए थे। क्विंटन डी कॉक ने अपने वनडे करियर का 20वां शतक लगाया, उन्होंने तीसरी बार पारी में 150 से ज्यादा रन बनाए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट और इंग्लैंड के जोस बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

## सरबजोत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता कांस्य और पेरिस ओलंपिक कोटा

**चांगवोन ।** कोरिया के चांगवोन में 15वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने सफलता का स्वाद चखा, जब सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और इसके साथ ही निशानेबाजी में आठवां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। पिस्टल स्पर्धाओं में यह पहला कोटा था। सरबजोत ने फाइनल में 221.1 का स्कोर किया और क्रमशः दो चीनी झांग यिफान (स्वर्ण, 243.7) और लियू जिनयाओ (242.1) से पीछे रहे। सरबजोत ने पहले 581 के स्कोर के साथ शीर्ष आठ के लिए क्वालीफाई किया, जिससे उन्हें आठवां स्थान हासिल करने में मदद मिली। चूंकि चीन ने पहले ही इस स्पर्धा में अपने दो कोटा समाप्त कर लिए थे और दो कोरियाई खिलाड़ियो में से केवल एक ही पात्र था, सरबजोत को एक उच्च फिनिश की आवश्यकता थी। उन्होंने पहले पांच शॉट्स के बाद बढ़त बना ली जो महत्वपूर्ण थी और जैसे ही दो चीनी खिलाड़ी आगे बढ़े, सरबजोत अपना संयम बनाए रखने में सफल रहे और एक और अंतर्राष्ट्रीय पोडियम फिनिश दर्ज की।



# विधान सभा बिलाईगढ़ के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी श्याम टंडन का धुंवाधार जनसंपर्क जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।



विधानसभा बिलाईगढ़ के लोकप्रिय,चहेते और संघर्ष शील प्रत्याशी श्याम टण्डन पूरे दल बल के साथ 24 और 25 अक्टूबर को विधान सभा क्षेत्र के गांव गांव में मनाए जा रहे दुर्गोत्सव समिति में शामिल होकर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए मां दुर्गा की पूजा कर आशीर्वाद मांगा। टंडन ने सलौनीकल,पवनी, पेंड्रावन रायकोना, झुमका, सोहागपुर,धोबनी, मुड़पार, बिलासपुर, बिलाईगढ़, टुण्ड्रा, रानीगढ़, बया सहित कई दर्जन गांवो में हुई दुर्गा पूजा और इस अवसर पर हुए रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया।आज 25 अक्टूबर को जैतपुर में रंगारंग डांस प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बसपा प्रत्याशी श्याम टंडन मुख्य अतिथि होंगे। बसपा इकाई बिलाईगढ़ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बताया की श्याम भैया चुनाव के समय ही नहीं अपितु पिछले 20 सालों से विधान सभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के गांव गांव के हर वर्ग के लोगों के सुखदुख के अवसर पर घर घर पहुंचकर उनसे जनसंपर्क बनाएं हुए हैं। सूत्रों ने आगे बताया की अन्य पार्टी के प्रत्याशी केवल चुनाव समय डेढ़ माह ही विधान सभा क्षेत्र के गावों में वोट मांगने जाते हैं लेकिन श्याम भैया बिलाईगढ़ ही नहीं वे पामगढ़, कसडोल,बलौदाबाजार,सारंगढ़,जां जगीर क्षेत्र में भी लोगों के बीच पहुंचकर उनके हालचाल जानते हैं उनकी समस्याओं को दूर करने निरंतर तत्पर रहते हैं। श्याम टंडन हमेशा क्षेत्र के हर कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लेते हैं इस कारण उन्हें जनता से आशीर्वाद प्राप्त है।वे क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचने हमेशा आगे रहते हैं। दिन हो या रात हो या कड़कड़ाती धूप ठंड हो वे सुख दुख में उनके बीच समय पूर्व पहुंच ही जाते हैं। कोई भी व्यक्ति उनसे उनके मोबाईल पर सीधे वार्तालाप कर सकते हैं यदि किसी कारण वश मोबाईल रिसिव नहीं कर पाते तो वे बाद में संबंधित को मोबाईल जरूर करते हैं उनके इस व्यवहार से श्याम भैया क्षेत्र के लोगों के खाश चहेते बने हुए हैं श्याम भैया के इस गुण से लोगों में अपनत्व की भावना है।क्षेत्र के बुजुर्ग उन्हें नेता से ज्यादा बेटा मानते हैं। बिलाईगढ़ क्षेत्र की जनता को भी ऐसे जन प्रतिनिधि की आवश्यकता हैं जो बिना भेदभाव से हमेशा लोगों के बीच सरलता व सहजता के साथ मिल कर क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। विधान सभा क्षेत्र बिलाईगढ़ की जनता अन्य पार्टी के विधायकों के क्रियाकलाप को देख चुके हैं कि उनसे मिलने व अपनी समस्याओं के आवेदन पत्र को लेने में भी विधायक और उनके प्रतिनिधि कैसे घुमाते फिराते हैं। इन सब चीजों को देखते हुए बिलाईगढ़ की आम जनता ने इस बार श्याम टंडन को अपना बहुमूल्य वोट दे कर जीत दर्ज कराने ठान चुकें हैं। वे बचपन से ही मिलनसार, सरल,सहज व्यक्तित्व के धनी हैं। वे राजनीति के साथ साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी साफ सुथरी छवि है इस वजह से इन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है।

वे अपनी पार्टी के केंद्रीय स्तर पर भी अहम पद पर रहते हुए अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। वे हमेशा से समानता,भाईचारा के लिए हर वर्ग के लोगों के बीच पहुंचकर उनसे मिलकर हर संभव मदद करते हैं। पिछले दिनों बसपा प्रत्याशी श्याम टंडन से हमारे संवाददाता से जब मुलाकात हुई उस दौरान उन्होंने बताया की राजनीति में जब से कदम रखा तब से कभी भी आराम करने को नहीं सोंचा इसे बिलाईगढ़ की जनता ही नहीं पूरी लोकसभा क्षेत्र की जनता भली भांति जानती है। लोग उनके पास जब भी मोबाईल से संपर्क करते हैं वे जरूर कॉल रिसीव करते हैं। उनका मोबाइल कभी भी बंद नहीं होता किसी कारणवश लोगों की कॉल रिसीव नहीं कर पाते तो बाद में रिकॉल जरूर करते हैं। उन्होंने आगे कहा की सुबह नाश्ते के बाद या बिना नाश्ते,खाने के विधानसभा में मेरे साथ कार्यकर्ता साथी घर.घर पहुंचकर आगामी विधान सभा क्षेत्र के चुनाव में छ ग विधान सभा में भेजने जन संपर्क बनाएं हुए हैं। पार्टी के घर-घर चलो अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पूरे विधान सभा क्षेत्र में तीन-तीन राउंड जन संपर्क कर क्षेत्रवासियों से वोट देने की अपील कर चूंकें हैं और यह वोट की अपील मतदान होते तक निरंतर जारी रहने की बात कही। उन्होंने आगे बताया की वे पार्टी के स्टार प्रचारक भी हैं पार्टी के निर्देशानुसार तय तिथि में वे विभिन्न विधान सभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी के प्रत्याशीयों के लिए प्रचार प्रसार कर आम जनता से वोट देने की अपील करने की बात कही। आगमी 27 अक्टूबर 2023 को सरसींवा में बहुजन समाज पार्टी का कार्यालय का उदघाटन होना है और आवेदन फार्म जमा करने बड़ी संख्या में बाइक रैली के साथ सारंगढ़ जिला मुख्यालय भी जाने का कार्यक्रम बना हुआ है कहा।

## एक नजर

### मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में एक युवती की लाशमिली

**कोरबा** । हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में एक युवती की लाश फंसी मिली। मृतिका की पहचान क्षेत्र में ही रहने वाली लिली राज के रूप में हुई है, जो तमिलनाडु में सिलाई कढ़ाई का काम करती थी। वह छह माह पहले घर में थोड़े दिन रहने के बाद तमिलनाडु जाने निकली थी। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि चारपारा के आसपास गांव में रहने वाले ग्रामीण हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए जाल लगाते हैं। सोमवार की शाम को भी झिनपुरी में रहने वाले शिवकुमार आयम ने मछली पकड़ने के लिए जाल लगाया था। वह मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे जाल को निकालने डुबान क्षेत्र में पहुंचा। यहां पहुंचते ही उसके हाथ पांव फुल गए। जाल में मछली की जगह युवती की लाश फंसी थी। शिवकुमार ने उलटे पांव गांव लौटकर घटना की जानकारी सरपंच को दी। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी प्रभारी अफसर खान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलते हुए पहचान कार्रवाई शुरू की। इस दौरान फुलसर में रहने वाला दीप सिंह राज कुछ ग्रामीणों के साथ पुलिस चौकी पहुंचा। उसने हुलिया और कपड़े के आधार पर मृतिका की पहचान अपनी 35 वर्षीय पुत्री लिली राज के रूप में की है। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि लिली तमिलनाडु में रहकर सिलाई कढ़ाई का काम करती थी। वह करीब छह माह पहले अप्रैल महीने में घर आई थी। थोड़े दिन घर में रहने के बाद पुनः तमिलनाडु जाने निकली थी। मृतिका तमिलनाडु से कब लौटी इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं है। इस पूरे मामले में कई बातें ऐसी है, जिससे पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जिसे सुलझाने पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए तहकीकात शुरू कर दी है।

# जिले में व्यापमं द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर को

## परीक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षक किए गए नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में पूर्वान्ह 10 से 12ण15 बजे एवं दोपहर 02 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा हेतु 24 परीक्षा केंद्र एवं द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में 7,412 तथा द्वितीय पाली में 1,148 परीक्षार्थी शामिल होंगें। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759.221458 है। परीक्षा के सुचारू आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षकों की बैठक 27 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर, रिजर्व आब्जर्वर, केंद्राध्यक्षों एवं उड़नदस्ता दलों की उपस्थिति अनिवार्य है। कलेक्टर सौरभ कुमार के दिशा.निर्देश में परीक्षा के सुचारू संपादन व जिला कोषालय कोरबा से परीक्षा केन्द्र के लिए गोपनीय सामग्री प्राप्त करने व परीक्षा समाप्ति पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य सामग्री अपने निगरानी में सील कराकर समन्वयक केंद्र में जमा करने हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्रशासनिक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रथम पाली में सेंट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल नकटीखार कोरबा हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार मानसिंह राठिया, डाईट जिला जेल के पीछे हेतु प्राचार्य प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा,गौरव शर्मा, शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज रजगामार रोड कोरबा हेतु प्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केंद्र कोरबा री टीके राठिया तथा सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल आईटीआई रामपुर कोरबा हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल टीडी टोण्डे को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल तहसील कार्यालय रामपुर हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग जीआर जांगड़े, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा हेतु सहायक संचालक डीपीएस कंवर, निर्मला हायर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा हेतु जिला खाद्य अधिकारी जे.के सिंह, ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा हेतु जिला आयुर्वेद अधिकारी प्रदीप जैनए मिनीमाता शासकीय गर्ल्स कॉलेज घण्टाघर कोरबा हेतु सहायक संचालक रेशम मनीष पवार,सेंट विन्सेंट पॉलोटी स्कूल रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा हेतु सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई कोरबा प्रदीप साहू, डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा हेतु परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा मनोज अग्रवाल, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल एनसीडीसी एसईसीएल सुभाष ब्लॉक हेतु व्याख्याता हाई स्कूल मदवानी बलराज कश्यप, कॅरियर पब्लिक स्कूल मुड़ापार बाजार कोरबा हेतु सहायक श्रमायुक्त राजेश आदिले, कोरबा कम्प्युटर कॉलेज हेतु कार्यपालन अभियंता छग गृह निर्माण मण्डल कोरबा आर.के. दन्देलिया, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल सीएसईबी कोरबा ईस्ट, हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलकेजा रामकृष्ण जायसवाल, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल साडा ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रजगामार रामनाथ बघेल, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मिशन रोड कोरबा हेतु सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार तंवर, ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल मिशन रोड कोरबा हेतु व्याख्याता सेजेस पोड़ी.उपरोड़ा रामचरण साहू, कमला नेहरू कॉलेज रानी रोड पुरानी बस्ती कोरबा हेतु व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल दुरपा अरूण कुमार चौधरी, गायत्री हायर सेकेण्डी स्कूल रानी रोड कोरबा हेतु प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़निया दयाशंकर साहू, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल सीतामणि कोरबा हेतु सहायक अभियंता क्रेडा दीपक साहू, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल्को नगर हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नोनबिर्रा संजीव खाखा,बालसदन हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल्को नगर कोरबा हेतु व्याख्याता सेजेस गोपालपुर शैलेष उपाध्याय तथा आदर्श हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल्को हेतु अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजेश कुमार भारती को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# निःस्वार्थ भाव से जनसेवा मेरा लक्ष्य-ओपी चौधरी

## जैन समाज ने किया ओपी चौधरी का आत्मीय स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**भाजपा प्रत्याशी ओ पी चौधरी ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत आज शहर के दिगंबर व श्वेतांबर जैन समाज से जुड़े सदस्यों से भेंट की। रेलवे स्टेशन स्थित जैन मंदिर में युथ आइकॉन, मिलनसार, व्यक्तित्व के धनी भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी का जैन समाज के लोगों ने गरिमामय अगवानी की।**



चौधरी ने मंदिर में माथा टेकते हुए विधिवत पूजा अर्चना कर सर्व सामाज के सुख शांति समृद्धि की कामना की। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष नितेश शाह सहित अजीत मेहता, अखिलेश जैन व पर्वतारोही याशी जैन ने चौधरी का तिलक लगाकर शाल, श्रीफ ल व पुष्पाहार से आत्मीय स्वागत किया। आरम्भ में मुकेश जैन ने चौधरी के व्यक्तित्व से उपस्थित जनों को परिचित कराया। अपने सारगर्भित उद्बोधन में ओपी चौधरी ने भी राजनीति में आने का मकसद बताते हुए कहा निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है। राजनीति से जुड़े निर्णय आम जनता को प्रभावित करते है। सर्वांगीण विकास के जरिए छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने का लक्ष्य बताते हुए ओपी ने कहा सार्वजनिक जीवन में अच्छे निर्णयों की जनता सराहना करती है। राजनीति से जुड़े व्यक्ति की पीठ पीछे सराहना ही उसके राजनैतिक जीवन की असल सकमाई है। पद, प्रतिष्ठा मान, सम्मान सभी को अस्थायी बताते हुए कहा अच्छे कार्य सदैव व्यक्ति को दिलो में जीवित रखते है। कलेक्टर रहते हुए तेरह वर्षों का अनुभव साझा करते हुए कहा मजबूत राजनीतिक सिस्टम ही एडमिनिस्ट्रेशन को अच्छी दिशा देता है और तभी उसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े सर्वहारा वर्ग को मिलता है। राजनीति सिस्टम को अधिक पारदर्शी एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से राजनीति के क्षेत्र का चयन किया। जैन समाज के लोगों से मिले प्यार अपनत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ओपी ने सहयोग की अपील की ताकि सकारात्मक बदलाव में सबकी सहभागिता हो सके। समाज के वरिष्ठ लोगो में राजेश जैन,नीतेश जैन, कमलेश जैन, अखिलेश जैन, नमन जैन सहित सधर्मी महिलाओ में निशा जैन, सोनिया जैन, अलका जैन, विभा जैन, पूनम जैन आदि व सकल जैन समाज के लोगों की सराहनीय मौजूदगी रही।

# कन्या भोज के साथ की गयी मां दुर्गा की विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।





धर्म नगरी खरसिया की धन्य धरा पर नगर की विभिन्न मोहल्ले में समितियां बनाकर मां दुर्गा को विराजमान कर जगत जननी मां जगदंबे की पूजा अर्चना में समूचा नगर मां की भक्ति में डूबा हुआ है दुर्गा पूजा मेला के दौरान खरसिया ही नहीं खरसिया नगर के आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में माता के भक्तों द्वारा नगर में 2 दर्जन से अधिक पंडालों के माध्यम से माताओं के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लेने के लिए खरसिया नगर में आते हैं । इस वर्ष भी खरसिया नगर में दुर्गा उत्सव नव दुर्गा उत्सव समिति गंज बाजार, गजिया पंडा दुर्गा उत्सव समिति पीपल गली, अग्रवाल दुर्गा उत्सव समिति पोस्ट ऑफिस के पास, नव दुर्गा उत्सव समिति मोहापाली रोड, जय दुर्गा उत्सव समिति गोपीराम गर्ग गली, गंज पीछे सर्वोत्तम दुर्गा उत्सव समिति माधव प्रिया होटल के पीछे, नव दुर्गा उत्सव समिति अजय विजय गली के पास, नव दुर्गा उत्सव समिति हमालपारा, अग्रसेन दुर्गा उत्सव समिति अग्रसेन चौक के पास, नव दुर्गा उत्सव समिति गुरुद्वारा के पास, नव दुर्गा उत्सव समिति शनि मंदिर रोड, नव दुर्गा उत्सव समिति स्टेट बैंक के सामने, शिव दुर्गा उत्सव समिति, रानी सती दादी दुर्गा उत्सव समिति छपरी गंज, नव दुर्गा उत्सव समिति रामनाथ गली, नवदुर्गा उत्सव समिति पुराना सब्जी मार्केट, हनुमान चौक दुर्गा उत्सव समिति, पुरानी बस्ती, संजय नगर, ठाकुर दिया, रायगढ़ चौक, पुरानी बस्ती के अंदर आदि अनेक स्थानों पर जगत जननी मां दुर्गा की पूजा अर्चना नगर के मोहल्ला समितियों द्वारा विशाल पंडाल एवं साज-सज्जा कर की गयी। संपूर्ण खरसिया नगर रंग बिरंगी झालरों से पटा हुआ है, भक्तों द्वारा प्रत्येक समितियों के माध्यम से प्रतिदिन प्रत्येक पंडालों में अनेक प्रकार की सवामणी प्रसाद माता को अर्पण कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाता है खरसिया का दुर्गा मेला देखने एवं माता का आशीर्वाद लेने के लिए चंद्रपुर सरिया बरमकेला सारंगढ़ रायगढ़ शक्ति बाराद्वार डभरा धर्मजयगढ़ पत्थलगांव आदि कई स्थानों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में खरसिया नगर पहुंचते हैं।

### माता के दरबार में प्रतिदिन लगता है सब्जी पूरी का भंडारा

नगर में नवरात्र मेला के दौरान जगत जननी मां जगदंबे के दरबार में समितियों द्वारा आए हुए श्रद्धालुओं के लिए सवामणि प्रसाद के अलावा पूरी सब्जी का भी भंडारा विशाल रूप से लगाया जाता है भक्तों द्वारा सब्जी पूड़ी का भंडारा को विशेष रूप से ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं नगर का प्रमुख नवरात्र मेला खरसिया नगर में दुर्गा उत्सव का मेला देशभर में खास पहचान बना चुका है यहां का दुर्गा उत्सव का मेला छत्तीसगढ़ का शान है यही वजह है कि यहां स्थापित माताओं की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए अनेक स्थानों से दूर.दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। शहर में शारदीय नवरात्र पर्व को धूमधाम से मनाया गया और मॉ जगत जननी के विविध रूपों की पूर्ण भक्तिभाव से पूरे नौ दिनों तक पूजा अर्चना की गयी। नगरवासियों द्वारा नगर के अनेक स्थानों पर भव्य पंडाल बनाकर मॉ जगत जननी की जींवत प्रतिमा की स्थापना पूर्ण विधि विधान से करते हुए सुबह शाम माता की अराधना की जा रही है, जिससे पूरा शहर माता के भक्ति में रमा हुआ है। वही इस पूरे नौ दिनों में खरसिया नगर का वातावरण पूर्ण रूपेण माता के रंगो में रंगा हुआ है। पूरे प्रदेश में खरसिया का नवरात्र पर्व प्रसिद्ध है और इस प्रसिद्धी को निरंतर बनाये रखने में नगरवासियों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। जगह जगह भव्य एवं विशाल पंडाल बनाये गये है जहां मनमोहक झांकियां बनाई गई वहीं रंग बिरंगी झालरों से पूरे नगर को सजाया गया है।

इस वर्ष 23 अक्टूबर को नगर के लगभग सभी पण्डालों में हवन तथा कन्या भोजन करा कर मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित कर दी गयी है। कुछ पण्डालों में दशहरा के बाद प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाता है। ताशा, ढ़ोल नगाड़ों तथा कर्मा पार्टी के साथ मां दुर्गा को विदाई दी गयी। इस वर्ष नगर में चन्द्रयान, स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी, कैलाश मानसरोवर की थीम पर पण्डालों को सजाया गया था, जो कि श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था वहीं अनोखे थीम तथा सजावट के लिये प्रसिद्ध हमालपारा के पण्डाल में चांद तारे के साथ टाईटेनिक सेल्फि जोन लोगों को खूब लुभा रहा था।

डीजे मालिक पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही

# खरसिया पुलिस ने बिना अनुमति बज रहे डीजे साउंड सिस्टम किया जप्त

## दशहरा मैदान के पीछे खुडखुडिया जुआ खेलाने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

रायगढ़ जिले में सभी प्रमुख दशहरा मैदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। ग्राम बसनाझर के दशहरा मैदान पर मेला में कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए खरसिया थाना व चौकी खरसिया का बल मौजूद था । रावण दहन पश्चात दशहरा मैदान पर नाटक मंडली (गम्मत पार्टी) द्वारा डीजे साउंड सिस्टम के साथ कार्यक्रम किया जा रहा था । थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा डीजे मालिक रवि राठिया को नोटिस देकर डीजे संचालन की अनुमित पेश करने कहा गया, डीजे संचालक ने अनुमति नहीं होना बताया। खरसिया पुलिस द्वारा मौके से डीजे साउंड सिस्टम तथा 4 नग साउंड बॉक्स को जप्त कर थाना लाया गया और डीजे संचालक रवि राठिया पिता बूंद राम उम्र 30 वर्ष निवासी सालियाभाटा थाना भूपदेवपुर के विरूद्ध थाना खरसिया में कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत कार्यवाही किया गया है। दशहरा मेला ड्यूटी पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक सौरभ कुमार द्विवेदी के हमराह सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर, आशिक रात्रे, पृथ्वीराज मोहंती, प्रधान आरक्षक शिव कुमार वर्मा, शंकर सिंह छत्री, महिला प्रधान आरक्षक सरोजिनी राठौर, आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, कीर्ति सिदार, योगेंद्र सिदार व अन्य स्टाफ तैनात थे जिनके द्वारा देर रात्रि मुखबीर सूचना पर ग्राम बसनाझर दशहरा मैदान के पीछे खुडखुडिया गोटी से जुआ खेला रहे 3 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है ।





## फेसबुक पर दोस्ती कर ब्लैकमेल का प्रयास, एक युवक गिरफ्तार

**कोरबा** । फेसबुक पर दोस्ती कर एक युवती को ब्लैकमेल करने की कोशिश करने वाले युवक को जिले की उरगा पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गत 15 अक्टूबर को थाना उरगा क्षेत्र के एक गांव की निवासी पीड़िता ने अपने भाई के साथ थाना उरगा में एक लिखित शिकायत देकर अपराध दर्ज कराया कि सन 2022 के सितंबर महीना में मध्यप्रदेश के बड़वानी के मूल निवासी अभय खिराडे नाम के लड़के से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई थी। आरोपी अभय खिराड़े पीड़िता के फेसबुक अकाउंट से मोबाइल नंबर निकालकर पीड़िता से व्हाट्सप चैटिंग करता था। उसके बाद माह अगस्त 2023 में पीड़िता से मिलने कोरबा आया और एक लॉज में रुक कर पीड़िता को मिलने बुलाया। पीड़िता के द्वारा उसकी इच्छा अनुरूप काम करने से मना करने पर आरोपी गुस्सा गया और पीड़िता से अनाप शनाप बात करना शुरू कर दिया। पीड़िता के फोटो को अश्लील रूप से एडिट करके ब्लैकमेल करने लगा। जब पीड़िता ने आरोपी को मोबाइल में ब्लॉक कर दिया, तब आरोपी एडिट किए हुए अश्लील फोटो को फेसबुक के माध्यम से ग्रुप बना कर वायरल कर दिया और पीड़िता को भी भेजा। जब पीड़िता ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी तब पीड़िता का भाई आरोपी अभय खिराड़े से बात कर ऐसा नहीं करने और वायरल पोस्ट को डिलीट करने की विनती करने लगा। तब आरोपी के द्वारा डिलीट करने के बदले पैसे की मांग करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# क्षेत्रीय पार्टी से डर रही कांग्रेस

जोहार छत्तीसगढ़– कसडोल।

विधानसभा बिलाईगढ़ पर जिन सदस्यों ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की सदस्यता छोड़ कांग्रेस की रीति नीति से व नए प्रत्याशी कविता प्राण लहरे से व्यक्तिगत प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी मे शामिल होने का दावा कर रही है। दरअसल पहले से ही वह पहले से ही कांग्रेस के सदस्यता ले चुके है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के युवा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता जयवर्धन राय ने बताया कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रही है कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता डरने लगी है विगत दिनों में कांग्रेस पार्टी ने बड़ी खूब चर्चा बटोरी है दरअसल कांग्रेस पार्टी की नई



प्रत्याशी कविता प्राण लहरे के नेतृत्व में और कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भटगांव ब्लॉक में कुछ कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए जो कि दरअसल उन्होंने इनका प्रचार प्रसार इतने जोरो शोरों से किया कि उन्होंने बहुत बड़ा कार्य किया हो राजनीति में कार्यकर्ताओं का आना.जाना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है राजनीति में कार्यकर्ता का आना-जाना सदैव लगा रहता है। जयवर्धन ने बताया की जिन कार्यकर्ताओं को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के बताया जा रहे कार्यकर्ता दरअसल पहले से ही जोगी कांग्रेस से लंबे समय से दूरी बनाए चुके थे और कांग्रेस पार्टी से नजदीकियां बना लिया था अब कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को करना है कि जोगी कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कांग्रेस का दामन थामा है जो की सत्य नहीं है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पहले से और मजबूत दिखाई दे रही है बिलाईगढ़ विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता माननीय जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित अजीत जोगी और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी द्वारा जारी की गई शपथ पत्र से घबराने लगी है जिसके लिए अपूर्ण प्रचार प्रसार कर कांग्रेस जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की छवि को खराब करने का प्रयास कर रही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे चुनाव के लिए पूर्ण तैयारी के साथ छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा में अपना प्रत्याशी उतारने के लिए तैयार है और सरकार बदलने की पूर्ण तैयारी कर रहा है जिससे बीजेपी और कांग्रेस को परेशानियों का समना करना पड़ रहा है बिलाईगढ़ पर जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी।

## भाजपा ने कसडोल वि.स. से लवन राज धीवर समाज अध्यक्ष धनीराम को बनाया प्रत्याशी

जोहार तीसगढ़– बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विधानसभा कसडोल विधानसभा सीट सबसे हाई प्रोफ इल सीट मानी जाती है। इस विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के ही बीच मुकाबला होते आ रहे है ।वही अन्य कोई पार्टी के प्रत्याशी दूर-दूर तक नजर नहीं आते।

इस सीट से भाजपा को एक बार जीत मिली हैए तो वही कांग्रेस इस सीट से अनेक बार जीत दर्ज कर चूके है। इस बार कांग्रेस ने वर्तमान विधायक एवं संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू की टिकट काट कर साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष और तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष संदीप साहू को चुनाव मैदान में उतारा है तो वही भाजपा ने बचे हुए चार विधानसभा सीट के लिए 25 अक्टूबर को प्रत्याशी घोषित किया है। जिसमें कसडोल विधानसभा क्षेत्र से पनगांव निवासी लवन राज धीवर समाज अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच युवा धनीराम धीवर को प्रत्याशी घोषित किया है। धनीराम धीवर का समाज के अलावा अन्य समाज में भी अच्छी पकड़ है और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के बेहद करीबी कार्यकर्ता के रूप में माने जाते हैं। जैसे ही बीजेपी से धनीराम धीवर को कसडोल विधानसभा क्षेत्र से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ उनके परिजनों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है लवन क्षेत्र के सबसे युवा शिक्षित मिलनसार किसान पुत्र होने के कारण आस पास के सभी समाज प्रमुख लोगो का अपार जन समर्थन मील रहा है ग्राम बरदा से रामभरोस बर्मा देवचरन वर्मा तिलक राम वर्मा डॉ. परमानन्द वर्मा योगेश कुमार वर्मा दुखित राम यादव सोनार देवरी से हेमलाल वर्मा रामेश्वर वर्मा छन्नू लाल साहू भूपेंद्र वर्मा तुलेश्वर साहु भरत लाल वर्मा ललित कुमार साहु गजानंद साहु शंकर धीवर पैंजनी से बिंदे वर्मा बीरेंद्र कुमार वर्मा उभे राम वर्मा खिलाप राम वर्मा कोरदा से चंद्रमणि वर्मा रज्जू वर्मा मना राम वर्मा मनोज कुमार वर्मा फुलेश वर्मा रवि कुमार वर्मा उमेंद्र कुमार वर्मा राजेन्द्र बर्मा सहित सभी ने बधाई देते हुए जिताने का संकल्प ले रहे हैं।





# स्वीप कार्यक्रम के तहत् कैंपस एम्बेसडर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

जशपुर है तैयार, चुनई तिहार पर शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुरनगर।

राज्य निर्वाचन कार्यालय के दिशा-निर्देश तथा जिला पंचायत सीईओ एवं जिला स्वीप नोडल अधिकार संबित मिश्रा के मार्गदर्शन जिले में चल रहे स्वीप कार्यक्रम जश-प्रण के तहत् उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के कैंपस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी स्वीप, का जिला स्तरीय ऑनलाईन प्रशिक्षण गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न हुआ। स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षण में मतदाता जागरूकता हेतु चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम का परिचय देते हुए इसके उद्देश्य एवं उपलब्धि बताई। प्रशिक्षण में कैंपस एम्बेसडर के कार्यों एवं दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। स्वीप कार्यक्रम के




तहत आयोजित होने वाले प्रमुख गतिविधियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में सुगम मतदान प्रारूप 6, 7 एवं 8 को ऑनलाईन, ऑफ लाईन भरने की विधि के साथ वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप तथा वरिष्ट एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एनएसएस, एनसीसी, स्काऊट गाईड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए ईव्हीएम, एवं व्हीव्ही पेट मशीन की तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब के बारे बताया। गुप्ता द्वारा महाविद्यालय कैम्पस में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एवं युवा मतदाता जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। उन्होंने सभी को कहा कि वे अपने परिजनों के साथ अपने ग्राम के सभी मतदाताओं को प्रेरित करें कि मतदान दिवस को सभी स्वस्फूर्त मतदान करने हेतु प्रेरित करें । उन्होंने कहा कि निर्वाचन में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है।

सभी महिला मतदाताओं को विशेष रूप से मतदान में भाग लेने हेतु जागरूक करें। गुप्ता ने सभी कैंपस एम्बसेडरों एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी स्वीप से कहा कि प्रत्येक मतदाता को इस बात के लिए जागरूक करें कि वो बिना किसी डर भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। गुप्ता ने कहा कि आप सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी लोगो को स्वीप गतिविधियों से जोड़ सकते है। सभी को एक भी मतदाता न छूटे इस उद्देश्य को लेकर कार्य करना है। विभिन्न अवसर पर लोगों को मतदान हेतु शपथ दिलाते रहना है और सोशल मिडिया का उपयोग कर मतदाताओं को जागरूकता करने हेतु कार्य करते रहना है। विद्यालय स्तर के बच्चों के माध्यम से उनके परिजनों को मतदान करने की अपील करवाई जा सकती है।

ग्रामींण स्तर पर आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया जा सकता है। प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता, मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधा, वर्ष में चार महत्वपूर्ण तिथियों के बारे में भी बताए गया जब कोई मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है अथवा संशोधन करवा सकता है। प्रशिक्षण में ईवीएम के बारे में भी बताया गया और मतदान की प्रक्रिया को भी संक्षिप्त में समझाया गया। इस प्रशिक्षण में स्वीप कार्यक्रम के सभी महाविद्यालय के कैंपस एम्बेसडर, महाविद्यालय के नोडल अधिकारी स्वीप एस्वीप कार्यक्रम के सदस्य संजीव शर्मा, अवनिश पाण्डेय सम्मिलित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा, जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .../ अ-2/2022-2023
ग्राम-कुंजारा प.ह.नं. 20
रा.नि.मं. लैलूंगा

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक फ्लोरेंस केरकेट्टा पिता अंतराम केरकेट्टा जाति उरांव निवासी सोनाजोरी, तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कुंजारा प.ह.नं. 20 स्थित खसरा नं 236/3 रकबा 0.037 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यवपर्तन अनुमति चाही गई है।

अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 27.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय** अधिकारी (रा.)
लैलूंगा जिला रायगढ़

## एक नजर

## सोशल मीडिया ग्रुप के एडमिन व सदस्यों से बेमेतरा पुलिस की अपील


जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

वर्तमान में आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का सुचारू रूप से पालन किये जाने हेतु बेमेतरा पुलिस समस्त सोशल मीडिया ग्रुप्स के एडमिन व सदस्यों से यह अपील करती है कि व्हॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम,ट्वीटर एक्स, यू.ट्यूब पर कोई ऐसा पोस्ट न करे जो विवादित, भ्रामक, असत्य, साम्प्रदायिक सौहार्द खराब करने वालाध्दो पक्षो में विवाद बढ़ाने वाला किसी धर्म विशेष की भावनाओं को आहत करने वाला हो जिससे लोक प्रशांति भंग होने की संभावना हो तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी भी व्हॉट्सएप ग्रुप के किसी सदस्य द्वारा कोई ऐसा पोस्ट किया जाता है जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़नी संभावित हो तो संबंधित ग्रुप के एडमिन का यह कर्तव्य है कि वह ऐसे विवादित पोस्ट को ग्रुप से तत्काल डिलिट करे और विवादित पोस्ट करने वाले सदस्य को ग्रुप से हटाये साथ ही ऐसे विवादित पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष बेमेतरा के मोबाईल नम्बर 9479192013, समाधान सेल बेमेतरा के मोबाईल नम्बर 9479257558 अथवा संबंधित थाना प्रभारी को अनिवार्य रूप से सूचित करे। यदि ग्रुप एडमिन के द्वारा उक्त जिम्मेदारी नही निभायी जाती है तो उक्त विवादित पोस्ट के संबंध ग्रुप एडमिन की जवाबदारी तय करते हुये उन पर भी विवादित पोस्ट को प्रसारित करने के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## बीजेपी ने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी

जोहार छत्तीसगढ़–कसडोल।

बीजेपी ने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की हैं जारी सूची में बेमेतरा से सुशांत शुक्ल, अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, कसडोल धनीराम धीवर और बेमेतरा से दीपेश साहू को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि यहां पहले चरण में 7 नवंबर को 20 विधानसभा सीटों पर वोटिंग है, इन सीटों पर 13 अक्टूबर से नामांकन फ ॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। वही दूसरे चरण की वोटिंग 17 नवंबर को है। ऐसे में दूसरे चरण के लिए जिन सीटों पर मतदान होगा, वहां के लिए नोटिफिकेशन 21 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। प्रत्याशी 21 अक्टूबर से नामांकन भर सकेंगे। 30 अक्टूबर को नामांकन की आखिरी तारीख है, यहां 2 नवंबर तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे, दूसरे चरण में 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को वोटिंग होगी।



भारतीय जनता पार्टी
केन्द्रीय कार्यालय
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन: 011-23500000 फैक्स: 011-23500190
दिनांक: 25.10.2023

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए निम्नलिखित नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

चतुर्थ सूची

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

| क्र. | विधानसभा का नंबर एवं नाम | | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 10 | अंबिकापुर Ambikapur | श्री राजेश अग्रवाल Shri Rajesh Agarwal |
| 2. | 31 | बेलतरा Beltara | श्री सुशांत शुक्ला Shri Sushant Shukla |
| 3. | 44 | कसडोल Kasdol | श्री धनीराम धीवर Shri Dhaniram Dhivar |
| 4. | 69 | बेमेतरा Bemetara | श्री दीपेश साहू Shri Dipesh Sahu |

(अरुण सिंह)
राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी

## खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में पंजीकृत किसानो से किया जाएगा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

जिले में 05 नवीन धान उर्पाजन केन्द्र प्रारंभ

6446 किसानों का किया गया है नवीन पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

खरीफविपणन वर्ष 2023.24 में पंजीकृत किसानो से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाना है। किसानो की सुविधा हेतु को छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जिले में 05 नवीन धान उर्पाजन केन्द्र प्रारंभ किया गया है। इनमें धान उर्पाजन केन्द्र कस्तुरा, फरसाकानी, चेटबा, समडमा और गाला शामिल हैं। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 से जिले में 24 समिति के 46 धान उपार्जन केन्द्र संचालित है। आज की स्थिति में खरीफविपणन वर्ष 2022.23 के 37262 किसानों के डाटा कैरी फारवर्ड तथा 6446 किसानों का नवीन पंजीयन किया गया।

## जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 01 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कुनकुरी विकासखंड के ग्राम गोरिया निवासी कुजबिहारी का नदी के पानी में डुबने से 28 मई 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता पारसनाथ सिंह हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## बालको में दशहरा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कोरबा** । जिले के बालको नगर रामलिला मैदान में मगंलवार को दशहरा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस दौरान बालको सीईओ ने रावण का पूतला दहन किया जहां बड़ी संख्या में लोग मैदान में उपस्थित रहे।अच्छाई की बुराई पर जीत का संदेश के साथ प्रत्येक विजय दशमी को रावण का पुतला दहन किया जाता है इसी कड़ी में बालको नगर के रामलीला मैदान में भी रावण का पूतला दहन बालको सीईओ द्वारा किया गया, जिले वासियों को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए इंटक नेता जयप्रकाश यादव ने बताया की नवरात्र के पहले दिन दिन से ही रामलीला मैदान में राम जी के जीवन चरित्र की गाथा को रामलीला के माध्यम से नगर वासियों के प्रकट किया जाता है तथा दशमी को हर वर्ष की भांति रावण का पुतला दहन किया जाता है।

**ईश्तहार**



चौंकी रैरूमाखुर्द
गुम इंसान क्र.31/23

प्रार्थी कमलेश्वर दास पिता श्री ज्ञानदास उम्र 37 वर्ष सा. सुखरापारा थाना पत्थलगांव जिला जशपुर छत्तीसगढ़ के हमराह राधा बाई साथ चौंकी उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका बड़ा भाई मंगेश्वर दास महंत उम्र 40 वर्ष अपने ससुराल नोनाईजोर अपने परिवार के साथ रहता था दिनांक 13/9/2023 को सुबह अपनी पत्नि को बोला कि सोसायटी चावाल लेने जा रहा हूं कह कर घर से निकला जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आया। आस पास एवं रिश्तेदारी में पता तलाश किये जो कोई पता नहीं चला गुम इंसान का हुलिया ऊचांई 5 फिट 2 इंच चेहरा गोल बाल अधपका रंग सावला गुटका व गुड़ाखू शारिरीक स्थित मोटा व पेट निकला लोवर व टी शर्ट पहना है पीठ पर सफेद दाग है। दांत सामन्य हिन्दी छत्तीसगढ़ी बोलता है। 8 वीं तक पढ़ा है।

कृपया अपने-अपने थाना/चौंकी क्षेत्र में पतासाजी कर मिलने पर चौंकी रैरूमा खुर्द को सूचित करने का कृपा करें।

संपर्क नं. 9575911963, 7770951207, 9479193299

सील

**चौंकी प्रभारी**
**चौंकी रैरूमा खुर्द थाना धरमजयगढ़**

# विद्युत करंट से मादा जंगली हाथी की हुई मृत्यु

## 4 आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक अभिरक्षा हेतु किया गया जिला जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़। धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत बेहरामार के मरघटीपतरा जंगल में बीते दो दिन पूर्व वन्य प्राणी मादा हाथी मृत अवस्था में पड़ा मिला था। वन विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच हेतु बुलवाया गया।





पशु चिकित्सा अधिकारी के दल द्वारा जांच उपरांत पाया गया कि हाथी की मृत्यु विद्युत करंट से हुई है। जिसके पश्चात वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए 4 संदेही आरोपियों को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम की धारा के तहत माननीय न्यायालय धरमजयगढ़ के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा हेतु पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय द्वारा उपरोक्त आरोपियों को 14 दिनों का न्यायिक अभिरक्षा हेतु जिला जेल दाखिल किया गया है।

*वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को समय लगभग शाम 5 बजे परिसर बहेरामार में कक्ष क्रमांक 548 पीएफ स्थानीय नाम मरघटीपतरा जंगल में वन्य प्राणी मादा हाथी मृत अवस्था में पड़ा मिला। पशु चिकित्सा अधिकारी के दल द्वारा जांच उपरांत पाया गया कि हाथी की मृत्यु विद्युत करंट से हुयी है। वन विभाग की टीम द्वारा संदेह के आधार पर तहसील छाल ग्राम-मुनुन्द के नंदकुमार राठिया, महादेव राठिया, जयसिंह एवं हृदय राम राठिया को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि 11000 बोल्ट से अवैध हुकिंग कर 810 मीटर तक बांस खूंटी के सहारे नंगा जीआई तार फैलाकर करंट लगाया गया था। जिसके संपर्क में आकर जंगली मादा हाथी की मृत्यु हुई है। घटना स्थल के आसपास में जंगली हाथियों का विचरण क्षेत्र है। आरोपियों द्वारा विद्युत तार फैलाकर करंट लगाने से एक वन्य प्राणी की हत्या कर दी। आरोपियों ने मौके पर से साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से सारे तार खूंटा आदि निकालकर छिपा दिया था, जिसे वन अमलों द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा छिपाये गये तार को बताया एवं जप्त कराया तथा वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है।*

## एक नजर

### जिले के तीनों विधानसभा सीटों के कांग्रेस प्रत्याशियों का नामांकन एक साथ दाखिल होगा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि 26 अक्टूबर को समय 12 बजे जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कांग्रेस पार्टी के सभी तीनो उम्मीदवारों के द्वारा एक साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया जायेगा। जिसमे बलौदाबाजार से कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव कसडोल विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू का नामांकन होगा नामांकन के पूर्व स्थानीय दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सभा भी होगी इसके पश्चात पैदल मार्च कर निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर नामांकन दाखिल करेंगे। जिलाध्यक्ष ने उक्त कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील किया।

### तहसील कार्यालय में राजनीतिक दल का झंडा लेकर आपतिजनक स्थित में पहुंचे व्यक्ति पर की कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



भावसिंह यादव उम्र 60 वर्ष तहसील कार्यालय साजा में आपत्तिजनक स्थित में एक राजनीतिक दल का झंडा लेकर पहुंचा। काफी समझाने के बाद भी नहीं गया। अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी साजा ने अधिकारों का नियमानुसार उपयोग कर धारा 151, 107/116 3, कार्रवाई कर हिरासत में लिया।

विधानसभा निर्वाचन 2023

### नाम निर्देशन के तीसरे दिन 10 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन फॉर्म

अब तक कुल 27 नाम निर्देशन पत्र लिया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण की नाम निर्देशन पत्र फार्म लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया के तहत् जशपुर जिले में आज तीसरे दिन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12 जशपुर के लिए 05, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13.कुनकुरी के लिए 02 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14 पत्थलगांव के लिए 03 सहित कुल 10 प्रत्याशी ने निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नाम निर्देशन फार्म लिया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। संबंधित विधान सभा के रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.12 जशपुर हेतु प्रकाश टोप्पो आम आदमी पार्टी से,अनोज एक्का आम आदमी पार्टी से, प्रदीप खेस्स निर्दलीय,रूपनारायण एक्का बहुजन मुक्ति पार्टी एवं सुकरू भगत हमर राज पार्टी से नामांकन फार्म लिया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.13 हेतु दिनेश कुमार भगत बहुजन मुक्ति पार्टी से एवं बोध साय मांझी हमर राज पार्टी से नामांकन फार्म लिया। विधान सभा क्रमांक.14 पत्थलगांव हेतु रत्थू राम पैंकरा निर्दलीय से,सुनील कुमार खलखो बहुजन मुक्ति पार्टी एवं अनिल कुमार परहा हमर राज पार्टी से नामांकन फार्म लिया। विगत् दिवस 21 अक्टूबर को 07, 23 अक्टूबर को 10 एवं 25 अक्टूबर को 10 फार्म सहित अब तक कुल 27 नाम निर्देशन पत्र लिया गया है।

## बस्तर विधानसभा में 250 ग्रामीणों ने किया भाजपा में प्रवेश




**जगदलपुर** । विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल प्रचार प्रसार और जनसंपर्क तेज कर रहे हैं। बस्तर विधानसभा सीट में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। भाजपा ने बस्तर जिले की इस महत्वपूर्ण सीट पर नये प्रत्याशी मनीराम कश्यप पर दांव लगाया है। भाजपा द्वारा सबसे पहले घोषित की गयी 21 प्रत्याशियों की सूची में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप का नाम शामिल था। बस्तर विधानसभा सीट के ग्रामीण मतदाता बेहद जागरूक माने जाते हैं। भाजपा ने यहाँ प्रचार की गति बढ़ाते हुये मंगलवार विजयी दशमी के दिन बस्तर, बकावण्ड व करपावण्ड में मण्डल स्तर पर तीन चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। जहाँ 250 से अधिक ग्रामीणों ने भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ है और यही भाजपा की विजय का मार्ग सुगम करेगा।

कांग्रेस ने झूठे वादे व बेहिसाब भ्रष्टाचार करके प्रदेश की जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के पन्द्रह साल के शासन में किये गये अनगिनत विकास के कार्यो को जनता याद कर रही है और कांग्रेस को प्रदेश से बेदखल करने का मन बना चुकी है।

## अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव के खिलाफ भाजपा ने राजेश अग्रवाल को मैदान में उतारा

भाजपा को इस सीट से लगातार 3 बार मिली है हार

जोहार छत्तीसगढ़-अंबिकापुर।






विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी अंतिम लिस्ट भी जारी कर दी है। इस लिस्ट में बाकी बचे 4 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इसमें सबसे हाईप्रोफाइल सीट अंबिकापुर की है। अंबिकापुर सीट से भाजपा ने राजेश अग्रवाल को कांग्रेस के टीएस सिंहदेव के खिलाफ मैदान में उतारा है। पिछले 3 विधानसभा चुनावों में अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव ही जीतते आए हैं। भाजपा ने अंबिकापुर सहित बाकी बची 4 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अंबिकापुर सीट से जहां पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लखनपुर राजेश अग्रवाल को टिकट दिया गया है, वहीं बेलतरा से सुशांत शुक्ला, कसडोल सीट से धनीराम धीवर व बेमेतरा से दीपेश साहू को प्रत्याशी बनाया गया है।

दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा 90-90 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दिए जाने से तस्वीर साफ हो गई है। हाईप्रोफइल सीट मानी जा रही अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव के खिलाफ भाजपा के राजेश अग्रवाल मैदान में होंगे। राजेश अग्रवाल की पकड़ भी लखनपुर व उदयपुर क्षेत्र में मजबूत बताई जा रही है। इन क्षेत्रों से ही टीएस सिंहदेव अब तक बढ़त बनाते आए हैं।

### चिंतामणी महाराज भी जता चुके थे इच्छा

कांग्रेस ने सामरी विधायक चिंतामणि महाराज को इस बार टिकट नहीं दिया है। ऐसे में भाजपा के दिग्गज नेताओं द्वारा 4 दिन पूर्व उन्हें भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ने निमंत्रण दिया गया था। इस दौरान चिंतामणी महाराज ने अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव के खिलाफ चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी। हालांकि राजेश अग्रवाल को टिकट मिल जाने से यह तस्वीर भी साफहो चुकी है।

### भाजपा को लगातार 3 बार मिली है हार

भाजपा को अंबिकापुर सीट से वर्ष 2003 को छोड़कर वर्ष 2008, 2013 व 2018 में हार का सामना करना पड़ा है। तीनों ही चुनावों में भाजपा की ओर से टीएस सिंहदेव के खिलाफ अनुराग सिंहदेव मैदान में थे।

हालांकि वर्ष 2008 में अनुराग सिंहदेव ने टीएस सिंहदेव को कड़ी टक्कर दी थी। इस दौरान टीएस मात्र 948 वोट से ही जीत दर्ज कर पाए थे। वर्ष 2013 में जीत का अंतर 20 हजार वोट को पार कर गया। वहीं 2018 में अंतर करीब 40 हजार रहा।

भीषण सड़क हादसा

## हाइवे पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से तीन बाइक सवार युवकों की मौत,गांव में पसरा मातम

जोहार छत्तीसगढ़-सुरजपुर। भटगांव अंबिकापुर.बनारस स्टेट हाइवे पर भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनगरा जंगल में मंगलवार की रात 10.30 बजे एसईसीएल कर्मचारियों से भरी तेज रफ्तार बस और बाइक में आमने.सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।



हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि कुछ देर बाद तीसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरजपुर जिले के एसईसीएल भटगांव क्षेत्र द्वारा संचालित बस मंगलवार की रात महान-3 खदान से कोल कर्मचारियों को लेकर जरही लौट रही थी। बस रात करीब 10.30 बजे अंबिकापुर.बनारस स्टेट हाइवे पर सिवानी खदान से लगे केंदली नाला के पास पहुंची थी।

इसी दौरान जरही की ओर से सोनगरा के ग्राम सारसताल आ रहे बाइक सवार 3 युवकों को उसने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची भटगांव पुलिस तीनों युवकों को भटगांव एसईसीएल अस्पताल लेकर पहुंची। यहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया।

### मृतकों में 2 युवक एक ही गांव के

देर रात होने के कारण मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने युवकों के पास रहे मोबाइल नंबर के आधार पर उनकी शिनाख्त की। मृत 2 युवकों की पहचान सोनगरा से लगे ग्राम सारसताल निवासी परमेश्वर राजवाड़े पिता दूहन 21 वर्ष व प्रेमसाय राजवाड़े पिता रूपसाय राजवाड़े 22 वर्ष के रूप में हुई है। तीसरे युवक के नाम का पता नहीं चल सका है। लेकिन वह भैंसामुंडा से लगे ग्राम केवरा के जमतीपारा निवासी है। युवकों की मौत से उनके परिजनों व गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने पीएम पश्चात बुधवार को उनका शव परिजनों को सौंप दिया।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन धरमजयगढ़ में संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

विजयादशमी के अवसर पर धरमजयगढ़ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा पथ संचलन की गई। सुबह 11 बजे सभी स्वयं सेवक गायत्री मंदिर परिसर में संपत किए। जहां से हॉस्पिटल चौक, सिविल लाइन चौक, राजमहल गेट, गांधी चौक,बस स्टैंडश पोस्ट ऑफिस से होते हुए रायगढ़ रोड गणेश पंडाल में संपन्न हुआ। जहां स्वयं सेवकों द्वारा शास्त्रों की पूजा अर्चना की गई। वहीं मुख्य वक्ता भयभंजन बेहरा विभाग बौद्धिक प्रमुख ने उद्धबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना विजय दशमी के दिन हुई थी। यह दिन असत्य पर सत्य की जीत का दिन है। त्रेतायुग में आसुरी शक्ति लोगों के ऊपर अत्याचार कर रहे थे जिन्हें राम ने पराजय किया था। वैसे ही वर्तमान समय में भी कुछ आसुरी शक्ति अपनी पांव पसार रहे हैं। जिनसे हम सबको सतर्क रहने की जरूरत।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in